खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $29^0$ C
न्यूनतम : $23^0$ C

नई दिल्ली, सोमवार 4 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 123 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब ड्रोन उड़ाया, तो गैंगस्टर व एनएसए की होगी कार्रवाई पेज 2



क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरी: यशस्वी जायसवाल खेल टाइम्स



ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट सम्पादकीय



ट्रम्प ने 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे पेज 12

## अब पूरे देश में लागू हो यूसीसी: डीवाई चंद्रचूड़



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है। संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व सीजेआई कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'ऑवर लिविंग कॉन्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है। संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया। 11 जुलाई को पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है।

**पूर्व सीजेआई बोले-सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लिया जाए, संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया**

## गोंडा: बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**गोंडा।** उप्र के गोंडा जिले में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर रविवार सुबह 10 बजे सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि दो पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार ही खत्म हो गया।

ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर शेष पृष्ठ दो पर

**जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे एक ही परिवार के लोग, 10 साल की बच्ची अभी लापता**

### पीएम ने दो-दो लाख व सीएम ने पांच-पांच लाख मदद देने का किया ऐलान

**गोंडा।** गोंडा में हुए इस भयावह व भीषण हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताते हुए जहां मृतकों के परिजनो को दो-दो लाख देने का ऐलान किया, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की सहायता की घोषणा की है।

### बांग्ला को बांग्लादेशी भाषा कहा दिल्ली पुलिस ने

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को बंगा भवन को लिखे एक सरकारी लेटर में बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा बताया। इसमें लिखा था कि अवैध रूप से भारत में रह रहे 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद डॉक्यूमेंट्स बांग्लादेशी भाषा में हैं। ऐसे में आगे की जांच के लिए बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा का एक आधिकारिक अनुवादक उपलब्ध कराएं। इस लेटर पर सवाल उठाते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली पुलिस की यह कोई छोटी-मोटी गलती नहीं है। यह भाजपा की बंगाल को बदनाम करने, हमारी सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने और बंगाल को बांग्लादेश से जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाने की एक सोची-समझी साजिश है। यह संविधान के आर्टिकल 343 और 8वीं अनुसूची का उल्लंघन है। बांग्लादेशी नाम की कोई भाषा नहीं है।

### यूपी में नदियां उफान पर ,12 जिलों में बाढ़ के हालात

**नई दिल्ली।** उप्र में तेज बारिश के कारण 12 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इनमें प्रयागराज, काशी जिले शामिल हैं। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा का पानी एक लाख से अधिक घरों में घुस गया है। प्रयागराज में बाढ़ में अपने बच्चे को गोद में लेकर निकले माता-पिता का वीडियो सामने आया है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर बह रहा है, खतरे का निशान 71.4 मीटर है।

### प्रज्वल की अब नई पहचान कैदी नंबर-15528

**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना बेंगलुरु की अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी नंबर 15528 बन गए हैं। रेवन्ना ने जेल में अपनी पहली रात बिताई।

## टैरिफ के बाद भी भारत का अमेरिका से तेल इंपोर्ट दोगुना

### अप्रैल-जून में भारत ने 32 हजार करोड़ का क्रूड ऑयल खरीदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एक न्यूज एजेंसीने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में इसे 90 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल -शेष पृष्ठ दो पर

**फिर भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेनल्टी लगाई**



### स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है: मोदी

**नई दिल्ली। पीएम** मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है।

श्री मोदी ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है। उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की। प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है कि हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया। हमारे पीएम मोदी के नेट-जीरो विजन की दिशा में एक शक्तिशाली कदम। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में स्वदेशी रूप से निर्मित एक मेगावाट क्षमता वाले हरित हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया था।

### ईसी को लेकर जनता में संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के उप नेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसी) की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में खुलकर चर्चा हो, लेकिन सरकार इसे टाल रही है।




### अहमदाबाद प्लेन क्रैश: 40 शवों की पहचान पर संदेह

**अहमदाबाद/लंदन।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई। इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें।

## एनसीपी-शरद के विधायक बोले: सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद किया

ठाणे, वार्ता

**एनसीपी ( शरद गुट )** के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं। इसकी विचारधारा विकृत है। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तथाकथित सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्याभिषेक से वंचित रखा, छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसके अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या की कोशिश की। आव्हाड ने कहा कि सावित्रीबाई फुले पर गोबर और -शेष पृष्ठ दो पर

**ऐसा कभी कोई धर्म नहीं था, सनातन धर्म ने शिवाजी महाराज के राजतिलक को नकारा**

## सैन्य अफसर ने स्पाइसजेट के 4 कर्मियों को पीटा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई।

दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) में तैनात है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। 26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी-386 श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टाफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टाफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। आरोपी अधिकारी ने एक्स्ट्रा पैसे -शेष पृष्ठ दो पर

**एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा, बेहोश हुए स्टाफ को लातों से मारता रहा**

## संक्षिप्त समाचार

### रुपये में 62 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से बीते सप्ताह रुपया 62.50 पैसे (0.72 प्रतिशत) लुढ़क कर 87.1850 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। सप्ताह के पहले तीन दिन में ही भारतीय मुद्रा टूटकर 87.77 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गई थी। हालांकि अंतिम दो दिन मजबूती आने से यह 87.1850 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। इससे पहले के सप्ताह में भी रुपया 40 पैसे टूटा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। बीते सप्ताह विद. शी संस्थागत निवेशकों ने शुद्ध रूप से 158.795 करोड़ डॉलर की बिकवाली की। साथ ही, दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में अमेरिकी डॉलर सूचकांक के 100 के करीब पहुंच जाने से भी रुपए पर दबाव बढ़ा।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जुलाई में भी बने रहे बिकवाल

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 5,538 करोड़ रुपए (63.4 करोड़ डॉलर) की पूंजी की निकासी की। वैश्विक अनिश्चिताओं के बढ़ने के बीच यह लगातार दूसरा महीना है, जबकि एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे। जून में उनकी ओर से शुद्ध रूप से 63.4 करोड़ डॉलर की निकासी की गई थी। जुलाई के पहले तीन सप्ताह में शुद्ध रूप से लिवाल रहे विदेशी निवेशकों ने आखिरी सप्ताह में जमकर बिकवाली शुरू कर दी थी। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क की घोषणा मानी जा रही है।

# यूपी के 55 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद व बिजनौर में बारिश व बिजली चमकने की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है.। मौसम विभाग ने 55 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें लखनऊ, मऊ, गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कुशीनगर, देवरिया, संत कबीर नगर, बस्ती, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, हरदोई और मुरादाबाद जैसे जिले शामिल हैं।



**कई नदियां खतरे के निशान पर पहुंचीं, पूर्वी और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में झमाझम**

अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का खतरा भी बना हुआ है। प्रदेश में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण कई नदियां गंगा, यमुना, रामगंगा, गोमती, शारदा, और राप्ती, खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बारा. बंकी, गोंडा, और श्रावस्ती जैसे उत्तरी जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। निचले इलाकों में जलभराव की समस्या गंभीर हो सकती है, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित होने और अंडरपास बंद होने की आशंका है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में मुरादाबाद 270 मिमी, संभल 210 मिमी, हरदोई 170 मिमी और बाराबंकी 320 मिमी भारी बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण कई गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि शहरी क्षेत्रों में जलभराव, ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को नुकसान और कच्ची सड़कों को क्षति हो सकती है।

**वेस्ट यूपी में विशेष अलर्ट**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, संभल, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, मेरठ, बिजनौर में बारिश का विशेष अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, अम्बेडकर नगर में भी विशेष अलर्ट जारी किया गया है।

# भाजपा दुष्कर्मियों को संरक्षण देना बंद करे: अलका लांबा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां-जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोघ के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं। मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में



ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस देशभर में हो रही दुष्कर्म की इन घटनाओं के खिलाफ तब तक विधानसभाओं और संसद सदस्यों का घेराव करती रहेगी जब तक आरोपियों को दंड नहीं मिलता है। सुश्री लाम्बा ने ओडिशा की दुष्कर्म की एक जघन्य घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबा. लिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिदा जला दिया। बच्ची को दिल्ली एम्सलाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया। जब सवाल किया गया कि बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था। ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। मध्य प्रदेश विधानसभा में 2022 से 2024 के बीच राज्य में दलित और आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कहा कि 7,418 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। प्रधानमंत्री पर अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना ने कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। ये सब मालूम होते हुए भी मोदी ने उसके लिए प्रचार किया।

# यूपी में अंबेडकर तीर्थस्थल यात्रा योजना शुरू की जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर उत्तर प्रदेश में अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना शुरू करने की मांग की है।

अपने पत्र में चौधरी ने कहा है कि लोगों की डा. अम्बेडकर के प्रति सम्मान और अगाध प्रेम की भावना ने उनके जीवन से जुड़े स्थलों को तीर्थस्थल बना दिया है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए इन स्थलों का दर्शन अब भी व्यवहार्य नहीं है। इसलिए उनकी सहायता के लिए 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' नाम से एक योजना शुरू



**■ केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने सीएम योगी को पत्र लिखा**

अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों के दर्शन और भ्रमण को लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सकता है। योजना के अंतर्गत डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थी (महू-जन्मभूमि, लंदन-शिक्षा भूमि, दिल्ली-महापरिनिर्वाण स्थल, नागपुर-दीक्षा भूमि और मुंबई-चैत्य भूमि) के भ्रमण का प्रावधान किया जा सकता है। यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी।

## कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : सीएम योगी

# यूपी में ड्रोन उड़ाने वाले पर लगेगा एनएसए

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में अब ड्रोन के जरिये दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया जाएगा।

कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव और डीजीपी को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा



**■ दोषी पर गैंगस्टर भी लगाया जाएगा**
**■ तकनीक का गलत प्रयोग नहीं होने दिया जाएगा**

कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ड्रोन की दहशत के बाद अब प्रदेश सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो एनएसए भी लगाया जाएगा। प्रदेश में अब बिना इजाजत ड्रोन के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। निगरानी और सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन में पुलिस और प्रशासन पर भरोसा बना रहे। मुख्यमंत्री योगी ने तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी तकनीक का गलत इस्तेमाल करते हैं उनसे सरकार सख्ती से निपटेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं हैं। बता दें कि देश में ड्रोन उड़ाने को लेकर सरकार की ओर से स्पष्ट नियम और कानून बनाए गए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। नियमों का पालन न करने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नैनो ड्रोन यानी 250 ग्राम या उससे कम वजन वाले ड्रोन के अलावा सभी ड्रोन के लिए विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त करना जरूरी है। यह यूआईएन डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जो ड्रोन से संबंधित सभी सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम है। बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए रिमोट पायलट लाइसेंस होना अनिवार्य है। नैनो ड्रोन और गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए माइक्रो ड्रोन उड़ाने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

### हवाई क्षेत्र को तीन क्षेत्रों में बांटा गया

ग्रीन जोन : यहां कुछ शर्तों के साथ ड्रोन उड़ाने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। इस क्षेत्र में 400 फीट (120 मीटर) तक ड्रोन उड़ाया जा सकता है। येलो जोन : इस क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के लिए संबंधित हवाई यातायात नियंत्रण प्राधिकरण से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। हवाई अड्डे की परिधि से 8 से 12 किलोमीटर के बीच का क्षेत्र येलो जोन में आता है, जहां 200 फीट से ऊपर ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति चाहिए। रेड जोन : यह नो फ्लाम्र जोन है जहां केंद्र सरकार की अनुमति के बिना ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।



**सेंसेक्स** 80695.15
**निफ्टी** 24768.35



**सोना रु.** 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 115500
प्रति किलो



# आरबीआई की बैठक, वित्तीय परिणामों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी आयात शुल्क की चिंता में पिछले सप्ताह घरेलू शेयरों बाजारों में बिकवाली हावी रही और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स पांच में से दो दिन बढ़त के साथ बंद होने के बावजूद 863.18 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 80,599.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी सप्ताह के दौरान 271. 65 अंक (1.09 प्रतिशत) टूटकर 24,565.35 अंक पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक



लगातार पांचवीं बार साप्ताहिक गिरावट में बंद हुई हैं। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति बैठक पर होगी। तीन दिन की बैठक के बाद बुधवार को बयान जारी किया जाएगा। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम भी सप्ताह के दौरान आने वाले हैं। अमेरिकी आयात शुल्क के मद्देनजर निवेशक बाजार में आगे और स्पष्टीकरण का इंतजार करते हुए सतर्कता बरत सकते हैं। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह काफी उथल-पुथल वाला रहा। वैश्विक चुनौतियों के बीच निवेशकों ने घरेलू बाजार पर आश्रित कंपनियों में निवेश किया। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ने और अमे. रिकी फेडरल रिजर्व तथा बैंक ऑफ जापान द्वारा आने वाले समय में दरों में वृद्धि के संकेत देने से निवेशकों की तत्काल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते सप्ताह ज्यादा शेयरों पर आधारित सूचकांकों में एनएसई के निफ्टी-100 में 292.50 अंक (1.15 प्रतिशत) की गिरावट रही और यह 25,149.60 अंक पर बंद हुआ।

### सोना और चांदी की कीमतों में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** रविवार को सुबह 9:20 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। इंडियन बुलियन एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 98600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88843 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी की कीमत 123000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। देश के बड़े शहरों मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 96,810 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि दिल्ली में 96,640 प्रति 10 ग्राम था। वहीं कोलकाता में 96,680 प्रति 10 ग्राम, तो बेंगलुरु में 96,890 प्रति 10 ग्राम रहा। हैदराबाद में 96,930 प्रति 10 ग्राम, तो चेन्नई में सोने का भाव 97,100 प्रति 10 ग्राम था। रक्षा बंधन आने वाला है, ऐसे में सावन की शुरुआत के साथ ही सराफा बाजार से सोना चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 3 अगस्त को बाजार खुलने के साथ ही सोने की कीमत में इजाफा हुआ है, जबकि चांदी के भाव में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। यूपी के लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी, आगरा समेत अन्य शहरों में 3 अगस्त को सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# चावल-गेहूं में साप्ताहिक तेजी दालों व खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल और गेहूं के औसत भाव बढ़ गए। गुड़ और चीनी में भी साप्ताहिक तेजी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत नौ रुपए चढ़कर सप्ताहांत पर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं भी नौ रुपए महंगा होकर 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 18 रुपए बढ़ी और यह 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया।

सरसों तेल के दाम में औसतन 260 रुपए की जबरदस्त साप्ताहिक तेजी देखी गई। मूंगफली तेल की कीमत 99 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 10 रुपए महंगा हुआ। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। सप्ताह के दौरान सोया तेल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल छह रुपए और पाम ऑयल 12 रुपए प्रति क्विंटल की फिसल गया। बीते



सप्ताह दाल-दलहनों के औसत दाम में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 58 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में भी 51 रुपए की बढ़त दर्ज की गई। वहीं तुअर दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। उड़द दाल करीब 14 रुपए और दाल मूंग 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी चार रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ के बाद...**

खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत तक पहुंच गई। 30 जुलाई को ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस-यूक्रेन की जंग रुके। ये सब ठीक नहीं है। इसलिए, भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी भी देनी होगी। भारत अभी रूस से अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत तेल इंपोर्ट करता है।

**गोंडा: बोलेरो...**

उनकी मौत हो गई। गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। स्पीड तेज और बारिश होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी, तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे दो लोग भी बाहर आ गए। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। हादसा रविवार सुबह 10 बजे इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हुई हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे हैं।

**एनसीपी-शरद के...**

गंदगी फेंकी गई। इसी सनातन धर्म ने शाहूजी महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डा. बीआर अंबेडकर को पानी पीने और स्कूल जाने तक नहीं दिया। आव्हाड ने ये भी कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ही थे, जो सनातन धर्म के खिलाफ उठे, मनुस्मृति को जलाया और उसकी दमनकारी परंपराओं को खारिज किया। आव्हाड का ये बयान मालेगांव ब्लास्ट के सभी 7 आरोपियों को बरी किए जाने और भगवा आतंकवाद पर जारी राजनीतिक बहस के बीच आया है। महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितम्बर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया था।

**सैन्य अफसर...**

देने से मना कर दिया। इसके बाद वह बोर्डिंग प्रोसेस पूरी किए बिना ही जबर्दस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। यह सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। जब स्टाफ ने आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने पीटना शुरू कर दिया। बगल में रखे एक स्टैंड से कर्मचारी पर हमला कर दिया। उन्हें लात-घूंसे भी मारे। कुछ के जबड़े में भी चोट आई। स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री बेहोश कर्मचारी को लात मारता रहा। बेहोश हुए कर्मचारी की मदद के लिए नीचे झुकते समय एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। एयरलाइन ने बताया कि, आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया गया है। स्पाइसजेट ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के अधिका. रियों से घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया है।

# स्वदेशी वस्तुओं को लेकर 10 से कैट का राष्ट्रव्यापी अभियान: खंडेलवाल



**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को समर्थन देते हुए घोषणा की है कि 10 अगस्त से इस संबंध में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है।

यहां आयोजित कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में रविवार को यह निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में देश के 26 राज्यों के 150 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम 'भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान' रखने का निर्णय लिया है और कहा है कि प्रधानमंत्री की यह अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा देंगे, तो इससे न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दौराला पुलिस का अपराधियों के खिलाफ बड़ा एक्शन

## सुबह चोरी करके भाग रहे बदमाशों को नाश्ते में मिली गोलियां, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार बड़ी कार्रवाई करने में लगी है अपराध पर लगाम कसने के लिए जनपद के एसएसपी विपिन टाडा भी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और अपराधियों को या तो शहर या फिर अपराध छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं और जो लोग अपराध से तौबा नहीं कर रहे हैं उन्हें खाकी के कहर से गुजरना पड़ रहा है।

रविवार की सुबह 4 बजे जब दौराला थाना प्रभारी निरीक्षक सुमन सिंह अपने साथियों के साथ क्षेत्र के वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए निकले थे इस दौरान उन्होंने एक पिकअप गाड़ी UP15HT 6472 को देखकर उसे चेकिंग के लिए रुकने के लिए कहा लेकिन गाड़ी में सवार अपराधियों ने वहां से गाड़ी भगा दी। इस दौरान ड्राइवर के साथ अलग से कुछ व्यक्ति भी गाड़ी में पीछे बैठे थे जिन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी अपराधियों के दात खट्टे कर दिए, इस दौरान पुलिस ने दो अपराधियों को गोली का निशाना बनाया, पुलिस में बदमाशों की घेराबंदी करके उन्हें पकड़ा गाड़ी में पुलिस को 8 टायर रिम मिले पूछताछ में अपराधियों ने स्वीकार किया कि यह टायर उन्होंने बीते 27 जुलाई व 28 की रात ग्राम मटौर थाना दौराला में ट्रक चालक को बंधक बनाकर सरधना रोड पर ले जाकर ट्रक के 8 टायर खोल कर ले गए थे। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त घटना में मुकदमा अपराध संख्या 229/2025 धारा 309 बनाम अज्ञात पंजीकृत है।

वहीं पकड़े गए अपराधियों की पहचान तस्लीम पुत्र जुल्फकार निवासी खिवाई थाना सरूरपुर मुठभेड़ में घायल, सरवर पुत्र इकबाल निवासी व मुर्सलीन पुत्र नूर निवासी मुजफ्फरनगर, तारिफ उर्फ मन्नान पुत्र हयात निवासी बुढ़ाना, तालिब पुत्र हासिम निवासी खेड़की थाना जानी है। दौराला पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के खिलाफ पूर्व में भी अलग-अलग थानों में कई मुकदमें दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुमन कुमार सिह, निरीक्षक अखिलेश गौड, स्वाट टीम उ.नि. धर्मेन्द्र सिह, है.का. धर्मेन्द्र हुड्डा, विजय कुमार आदि रहे।



# विनय हत्याकांड का खुलासा न होने से परिजनों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बीते शुक्रवार को नगर में हुए विनय हत्याकांड का खुलासा न होने से परिजनों में रोष है। रविवार को परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस से जल्द से जल्द खुलासा करने व हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। बता दें, कि शुक्रवार देर रात मोहल्ला धर्मपुरी निवासी विनय पुत्र रामपाल की गोली मारकर हत्या की दी गई। लोकप्रिय रोड पर ईसाई समुदाय के कब्रिस्तान के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया गया था। मृतक के पिता ने दो लोगों को नामजद करते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई हैं। टीम लगातार दबिशें दे रही है। लेकिन आरोपियों का कहीं सुराग नहीं लग पाया। रविवार को विनय के परिजन व मोहल्ले के लोग थाने पहुंचे। उन्होंने हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर थाने का घेराव किया। पुलिस ने उन्हें बताया कि हत्यारोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने ये भी बताया कि फरार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया गया है।



# थाने पर हमला करने वाले पांच को परीक्षितगढ़ पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** आठ साल पूर्व थाने पर हमले के मामले में पांच वारंटियो को पुलिस ने पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। नगर निवासी अमिताभ पुत्र बिल्लू की हत्या के मामले में 26 जून 2017 को सैकड़ो लोगों ने थाने का घेराव कर हंगामा व पथराव किया था। इस मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने सैकड़ो अज्ञात लोगों को नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें 90 लोगों के नाम प्रकाश में आए थे अभी यह मुक. दमा कोर्ट में विचाराधीन है जिसमें अफजल पुत्र अनवर, शाहनवाज, जाहिद, आबिद पुत्र चुन्नू, मेहताब पुत्र बिल्लू के कोर्ट में पेश न होने पर वारंट जारी किए थे थाना पुलिस ने रविवार को उक्त पांच लोगों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है आरा. पी अफजल पुत्र अनवर ने थाने में खुद को सपा नेता बताते हुए रोब गालिब करना चाहा और कुर्सी पर बैठ गया जिसे देखकर थाना अध्यक्ष संजय द्विवेदी का पारा आसमान पर पहुंच गया तथा इसकी नेतागिरी निकलते हुए हवालात में बंद कर दिया। वहीं अफजल की सिफारिश में नगर के लोग भी पहुंचे जिन्हें थाना अध्यक्ष ने वापस लौटा दिया।



# भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए सैनी समाज के लोग

## मंडल काऑडिनेटर ने की कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर मेरठ जिले की मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें मेरठ मंडल कोऑर्डिनेटर सूरज सिंह, मोहित आन्नद, डॉ. सुभाष प्रधान, प्रबुद्ध जाख, पुष्पेंद्र जाटव की मौजूदगी में सेक्टर-बूथ कमेटी की समीक्षा की गई।

इस दौरान मेरठ जिले के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सैनी व जिला महासचिव धीर सिंह ने सभी विधानसभा की कई महत्वपूर्ण रिपोर्ट की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए उनमें कैंट विधानसभा अध्यक्ष आदित्य सिंह पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर बॉबी गुर्जर मौजूद रहे। सभी बसपाइयो ने भाजपा छोड़कर आए लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई, साथ ही अन्य कार्यकर्ता विपिन सैनी, दीपक सैनी, संजय सेन, विनोद प्रजापति, आकाश सैनी, ओमवीर धामा, शन्त्री वर्मा, नानक सिंह, सत्यवीर पाल, अंकित सैनी, सागर सैनी, अमीत सैनी, रोहन सैनी, अमन सैनी, मनीष सैनी, राहुल यात, हर्ष प्रजापति, श्याम सिंह प्रजापति, रोस मैनी, मोहित सैनी, करण सैनी, अमर पाल सैनी सहित सैनी समाज की भारी तादाद मौजूद रही। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही डाक्टर सुभाष प्रधान को जिला अध्यक्ष पद से हटाया गया था उनके स्थान पर धर्मवीर सैनी को जिला अध्यक्ष बनाया गया था उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद क्यास लगाये जा रहे थे कि सैनी समाज जो अक्सर भाजपा का वाटर कहलाता है वह बसपा में कैसे आएगा, लेकिन रविवार को जिला अध्यक्ष धर्मवीर सैनी ने इस कयास पर विराम लगा दिए और समाज के लोगों को बड़ी तादाद में बसपा से जोड़कर यह दिखा दिया कि सैनी समाज भी अब बसपा से जुड़ रहा है और वह बसपा के साथ अपने राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों को बदलने के लिए बेताब है। इस दौरान वरिष्ठ बसपा नेता शाहजहां सैफी, राकेश फलावदा, मीडिया प्रभारी धीर सिंह आदि मौजूद रहे।



# युवाओं को अच्छी शिक्षा दें तभी होगा समाज का कल्याण: 108 महाराज प्रखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित नवजीवन इंटर कॉलेज में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें ब्राह्मणों के अनेक संगठनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुये। ब्राह्मण महाकुंभ में ब्राह्मण समाज के लोगों को श्री 108 प्रखर महाराज ने कहा कि पहले अपने समाज के लोगों को संगठित करें। उसके बाद समाज में फैली कुरीतियों को दूर करें।

समाज में युवाओं के प्रति गंभीरता से ले। क्योंकि आज का समय हमारे युवा पीढ़ी नशा, शराब, जुआ तथा अन्य कामों में लग गये है। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, और उन्हें धर्म की बातें बताये। अपने कल्चर को न छोड़ें। क्योंकि ब्राह्मण समाज एक ऐसा समाज है जो सभी समाजों को साथ लेकर चलता है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई सी भी सरकार हो यदि ब्राह्मण समाज का अपमान करेगा तो उसको माला न पहनाये। इस मौके पर उत्तराखंड के खानपुर विधायक उमेश शर्मा, मेरठ जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रवेश दत्त भारद्वाज, राजेंद्र नाथ त्रिपाठी, नरेंद्र शर्मा, आदि ने अपने विचार रखें। ब्राह्मण महाकुंभ में समाजसेवी संगठन के प्रभारी प्रवेश दत्त भारद्वाज, राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने समाज के लोगों से कहा कि हमारा समाज पिछड़ता जा रहा है जबकि हमारा समाज के अनोको लोग सरकारों में भागीदारी रहती थी। लेकिन आज का समय ऐसा आ गया है कि ब्राह्मण समाज को पूछ नहीं रहा है। हमें अपनी ताकत दिखानी होगी तभी हमारा समाज आगे बढ़ पाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के युवा चाहे वह लोकसभा हो चाहे विधानसभा हो चाहे कोई से भी सरकारी कार्यालय हो उसमें अधिकारी से लेकर चपरासी तक उनके लोग हुआ करते थे लेकिन आज ऐसा वक्त आ गया है कि कहीं भी ब्राह्मण समाज का आदमी नहीं दिखाई देता। हमें अपने युवाओं को अच्छी शिक्षा दिलाकर ऊंचे पदों पर भेजने का काम करें तभी हमारा समाज आगे बढ़ पाएगा। उन्होंने कहा कि यदि ब्राह्मण समाज का कोई भी पार्टी अपमानित करेगी तो हम उसको माला नहीं पहनाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराज राजेश ऋषि योगी तथा संच. ालन जीवन भारद्वाज ने किया। आयोजन जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने दूर दराज से आये ब्राह्मण समाज के लोगों का आभार एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा भेटकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से नरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, अरविंद शर्मा, शक्ति शर्मा, मास्टर राजवीर शर्मा, शरते शर्मा, मानदाता मिश्रा, विधि चंद शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सोनू शर्मा, राजू शर्मा, विनोद शर्मा, विजेंद्र शर्मा, अंकुर शर्मा, हरिओम शर्मा, सुबोध शर्मा, संजय शर्मा, रवि शंकर कौशिक, अनिकेत शर्मा, गगवीर शर्मा, अमित शर्मा, अनिल शर्मा आदि हजारों लोग शामिल थे।



# सिवालखास में खेलने गए तीन बच्चे लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को कस्बा सिवाल खास में घर से खेलने गए तीन बच्चे लापता हो गए जब वह अपने घर नहीं पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। पूरा गांव बच्चों की तलाश में लगा है वहीं मौके पर पुलिस ने बच्चों की तलाश में आसपास तलाश कर रही है। कस्बा सिवाल खास में मानवी पुत्र जितेंद्र (9) ऋतिक पुत्र हिम्मत (8) शिबू पुत्र मोनू (8) तीनों बच्चे कस्बा सिवाल खास वार्ड नंबर 8 के निवासी हैं रविवार को छुट्टी का दिन था बच्चे एक ग्राउंड में खेल रहे थे तभी खेलते खेलते बच्चे अचानक लापता हो गए जब उनके परिवार वाले उनकी तलाश की तो कोई पता न चला तीनों बच्चों के पिता ने जानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने बताया की बच्चों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी है।

# ड्रोन को लेकर किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के मोहल्ला आजादनगर में हाल ही में ड्रोन उड़ने एवं चोरी की घटनाओं को लेकर भ्रामक व झूठी अफवाहों के फैलने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। आमजन में भय एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके दृष्टिगत रविवार को पुलिस प्रशासन द्वारा एक जनजागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता चौकी इंचार्ज जितेन्द्र कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से चेयरमैन पुत्र शाहवेज अंसारी, सभासद इमरान ठाकुर, नफीस अंसारी, शकील अंसारी, सलीम, जफर, वसीम, कल्लू बादशाह, आरिफ आदि उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से संयम बरतने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। यह भी स्पष्ट किया गया कि अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। साथ संदिग्ध पर भी नजर बनाए रखें।

# शांति निकेतन विद्यापीठ के टॉपर वत्सल वार्ष्णेय ने आईआईटी दिल्ली से बीटेक की उपाधि प्राप्त की

## मेधावी छात्र का स्वागत कर शिक्षकों ने दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांतिनिकेतन विद्यापीठ को गर्व है कि उसके मेधावी छात्र वत्सल वार्ष्णेय ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), नई दिल्ली से बीटेक की उपाधि सफलता पूर्वक प्राप्त की है।

वत्सल वार्ष्णेय ने शांतिनिकेतन विद्यापीठ में पढ़ाई के दौरान सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कक्षा दसवीं में 500-500 अंक हासिल कर सीबीएसई टॉपर के रूप में अपनी पहचान बनाई। वत्सल ने उत्कृष्ट अंकों से शांतिनिकेतन विद्यापीठ से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर लगन ने उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ इंजी. नियरिंग संस्थान में प्रवेश दिलाया, और अब उन्होंने वहां से डिग्री प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने कहा वत्सल जैसे छात्र सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और परिश्रम से कोई भी ऊंचाई प्राप्त की जा सकती है। एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने उनकी कड़ी मेहनत, निष्ठा तथा समर्पण भाव की सरहाना दी और उन्हें उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि अस्थाना ने उन्हें बधाइयां दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर नीरू शिवाच, बीना, अलका पुंडीर, विस्मिता पटेल ने भी उन्हें बधाई दी है। यह उपलब्धि आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी एक मार्ग दर्शक उदाहरण है। शांति निकेतन विद्यापीठ को पूर्ण विश्वास है कि वत्सल भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता की नई ऊंचाइयां छुएंगे।



# जहारवीर मेले का चेयरमैन ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मेला हमारी संस्कृति की पहचान कराता है। आज भी ग्रामीण मेलों में अपनी जरूरत का सामान खरीदने आते हैं तथा मनोरंजन करते हैं उक्त विचार चेयरमैन हिटलर त्यागी ने जहारवीर मेले के उद्घाटन पर व्यक्त किये। चेयरमैन हिटलर त्यागी ने कहा की नगर की जहारवीर माढी पर सदियों से मेला लगता आ रहा है लेकिन आज जगह-जगह गांवों में भी माढी बन गई हैं उसके बाद भी हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन आकर प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि सभी लोग मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करें। कार्यक्रम का संचालन अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रोहिला ने किया। इस मौके पर संजीव त्यागी, छिद्दा त्यागी, कालू त्यागी, राहुल त्यागी, डाक्टर मुश्ताक कुरैशी, पवन त्यागी आदि मौजूद रहे।

# बहसूमा में झमाझम वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** एक हफ्ते से रुक रुककर हो रही झमाझम वर्षा से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस वर्षा से दलहन एवं सब्जियां की खेती को नुकसान पहुंचेगा। वर्षा से किसान अपने पशुओं के लिए चारा भी लेने के लिए खेतों पर नहीं पहुंच पाये। उन्होंने घरों में रखा भूसे को अपने पशुओं को खिलाया। किसानों का कहना है कि इस वर्षा से एक सप्ताह फसलों में पानी देना नहीं पड़ेगा।

बताते चले कि एक सप्ताह से रुक-रुक कर बहसूमा व क्षेत्र में झमाझम वर्षा हो रही है। आसमान में काले बादल छा जाने के चलते वर्षा हो जाती है। रविवार की दोपहर आसमान में आए काले बादल से एका-एक झमाझम वर्षा हो गई वर्षा होने से नगर पंचायत की पोल खुल गई पानी के साथ बहकर आई नालियों की कीट करकट सड़कों पर जमा हो गई। किसान सुमित कुमार, अरुण कुमार, रविंद्र सिंह, वीरेंद्र नागर, मनोज कुमार, सोनू चहल, मोनू कुमार, अमित कुमार, प्रताप सिंह नागर, राजपाल सिंह आदि ने बताया कि रविवार को हुई झमाझम वर्षा से किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को लाभ पहुंचेगा तो वहीं दलहन तथा सब्जियो की खेती को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्षा से लगभग एक सप्ताह खेतों में पानी देना नहीं पड़ेगा।



# कुशावली गांव में घर में घुसकर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार देर रात कुशावली गांव में दबंग लोगों ने एक घर में घुसकर युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कुशावली निवासी कुलदीप सोम पुत्र महेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस के ही एक व्यक्ति से खंभे पर लाइन लगवाने को लेकर विवाद हो गया था। शनिवार रात दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर कुलदीप पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने घायल का सीएचसी में उपचार कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने माटू, तरंग व उमंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# देहात की प्रतिभाओं को अच्छा प्लेटफार्म देती है प्रतियोगिताएं: संगीत सोम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** मोदीपुरम और मेरठ के खेल मैदानो पर आयोजित होने वाली एमपीएल टी 20 क्रिकेट लीग के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे भाजपा के फायर ब्रांड नेता पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने कहा कि कोई भी खेल प्रतियोगिता देहात की प्रतिभाओं को निखार कर एक अच्छा प्लेटफार्म देती है।

जिससे देहात की प्रतिभाएं खेल पटल पर अपना नाम आगे बढ़ाकर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करने वालों का वह दिल से आभार करते हैं और हर समय उनकी मदद के लिए तैयार खड़े हैं। खेल प्रतियोगिताओं में अपने खेल कौशल से गांव देहात की प्रतिभाएं खेल पटल पर अपने नाम की छाप छोड़ता है, जिससे उन्हें आगे लाभ मिलता है। क्रिकेट लीग के चेयरमैन अहमद अली और वंश चौधरी ने बताया कि लीग अध्यक्ष शिवम भारद्वाज के सहयोग से उन्होंने यह प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया। जिसमें मुख्य भूमिका मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने निभाई उनके मार्गदर्शन में ही उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिला। बाईपास स्थित गांव का स्वाद रेस्टोरेंट में लीग के लिए ऑक्शन हुआ। जिसमें शहर और गांव देहात की जानी-मानी हस्तियों ने बोली लगाकर अपनी टीम के लिए खिलाड़ी खरीदे। ऑक्शन में खिलाड़ियों पर टीम मालिकों ने जमकर बोली लगाते हुए खूब पैसे लुटाए। ऑक्शन में छह टीमें भाग लेंगी, जिनमें प्रोफेशनल बिजनेसमैन सम्राट किरण की रॉयल चैलेंजर मेरठ टीम, बिजनेसमैन शाही अब्बास की शाही रॉयल क्लब टीम, बिजनेसमैन अजय प्रताप सिंह चीमा की मेरठ सुपर किंग्स टीम, कपड़ा व्यापारी दुर्गेश यादव की वीडी वियर टीम, फ्यूचर प्लस हॉस्पिटल के मालिक डाक्टर जितेंद्र वीर चिकारा की फ्यूचर प्लस लायंस टीम और भाजपा के दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला और गन्ना समिति अध्यक्ष भूपेंद्र अहलावत की दौराला टाइगर टीम भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि ठाकुर संगीत सिंह सोम ने फीता काटकर ऑक्शन का शुभारंभ किया।

विशिष्ट अतिथि डाक्टर जितेंद्र वीर चिक. ारा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल मनोरंजन और स्वस्थ रहने के साथ आगे बढ़ने के लिए अच्छा प्लेट फार्म है। एमपीएल का पहला मुक. ाबला 17 अगस्त को नीलकंठ के खेल मैदान पर खेला जाएगा। लीग अध्यक्ष एडवोकेट शिवम भारद्वाज ने कहा कि गांव देहात की प्रतिभाओं के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता एक सरल माध्यम है। गांव देहात में भी अब ग्रामीण अपने बच्चों को खेल की ओर आकर्षित कर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी टीमों के मालिक और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के स्टार प्लेयर संदीप तोमर, डॉ. अमिल रिजवी, कोच अमर दीप शर्मा, विक्की चौधरी आदि का सहयोग रहा।




# गर्भधारण की समस्याओं के समाधान को लगा आईवीएफ कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, द्वारा शहर के एक होटल में एक आईवीएफ स्क्रीनिंग एवं काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में प्रजनन स्वास्थ्य और उस पर जीवनशैली के प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण बातें बताई गई। कैंप में लोगों ने हिस्सा लिया और प्रजनन के बारे में अपनी शंकाओं का समाधान किया। यहां दंपतियों की जांच करके उन्हें प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कई दंपति तो ऐसे थे, जो पहली बार किसी फर्टिलिटी विशेषज्ञ से बात कर रहे थे। इनमें से कई को पहली बार पता चला था कि जीवनशैली से प्रजनन क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। इस कैंप में डॉ. मांडवी राय, फर्टिलिटी विशेषज्ञ, मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने प्रजनन स्वास्थ्य और इससे जुड़ी मिथकों के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. मांडवी राय ने कहा इन्फर्टिलिटी अकेले महिलाओं की समस्या नहीं है। इसकी चिंता केवल तब नहीं होनी चाहिए, जब गर्भधारण करना हो। यह संपूर्ण स्वास्थ्य का एक हिस्सा है, ठीक वैसे ही, जैसे हृदय का स्वास्थ्य या शुगर का स्तर होता है। लेकिन दुख की बात यह है कि लोग काफी लंबे समय तक इंतजार करते रहते हैं, उन्हें लगता है कि वो अपने आप ठीक होंगे।



# अवैध कॉलोनी ध्वस्त न होने पर भाजपा नेता ने दी आत्मदाह की धमकी

## जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ भी की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** वरिष्ठ समाजसेवी व मोदीनगर नगर पालिका के कई बार सभासद रह चुके भाजपा नेता लोकेश ढोड़ी ने तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत देकर चेता. वनी दी कि हापुड़ रोड पर मंगल विहार कॉलोनी के पास अवैध रूप से काटी जा रही श्रीराम कुंज कॉलोनी को यदि ध्वस्त नही किया गया तो वे आत्मदाह करने पर मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी जीडीए की होगी।






मंडलायुक्त के नाम दी गयी शिकायत में लोकेश ढोड़ी ने बताया कि मंगल विहार के समीप ग्राम रोरी की भूमि पर अवैध रूप से काटी जा रही श्रीराम कुंज कॉलोनी को ध्वस्त करने के आदेश जीडीए द्वारा तीन बार दिये जा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं कि गयी है जबकि इस अवैध कॉलोनी की शिकायत करने पर उन्हें कॉलोनाइजर से जुड़े तुशांक जिंदल नामक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी भी दी थी जिसके विरुद्ध थाना मोदीनगर में 10 जून को मुकदमा भी दर्ज है।

लोकेश ढोड़ी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने 21 जुलाई को जीडीए को पत्र लिखकर स्पष्ट किया था कि यदि 15 दिन के भीतर अवैध श्रीराम कुंज कॉलोनी को ध्वस्त नही किया गया तो वह आत्मदाह करने पर मजबूर होंगे। 15 दिन की समय सीमा समाप्त होने वाली है लेकिन अभी तक कॉलोनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोकेश डोढी ने दोहराया कि यदि आगामी 5 अगस्त तक कॉलोनी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो वे आत्मदाह को मजबूर होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जीडीए व प्रशासन की होगी। उनका यह भी आरोप है कि तुशांक जिंदल पर जान से मारने की धमकी देने का मुक. दमा दर्ज है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही पुलिस ने नही की है इसके खिलाफ भी उच्च अधिकारियों से शिकायत की जायेगी।

गौरतलब है कि श्रीराम कुंज कॉलोनी के खिलाफ स्थानीय नागरिकों ने भी आंदोलन किये हैं जिसके बाद 3 बार ध्वस्तीकरण के आदेश जीडीए कर चुका है लेकिन कार्यवाही करने से बच रहा है जिसको लेकर जीडीए प्रशासन पर भी आम लोग प्रशन चिन्ह लगा रहे हैं। जीडीए स्वयं के ही ध्वस्तीकरण के तीन-तीन आदेशो के बाद भी कार्यवाही नहीं कर रहा है हैरत की तो बात है। अब यह देखना है कि जीडीए कॉलोनी पर कार्रवाई करता है या लोकेश ढोडी को आत्महत्या करने पर मजबूर करता है। इस संबंध में जब जीडीए अधिकारी व कोलोनाइजर से बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया

## जय महेश कमेटी ने किया गया रुद्राभिषेक पूजा कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** जय महेश कमेटी मोदीनगर, के सदस्यों द्वारा रविवार को सतीश पार्क स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया। जिसमें सभी श्रद्धालु जनों में आराध्य भगवान शिव के प्रति श्रद्धा व समर्पण के साथ मिलकर इस महापूजा में भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक ललित माहेश्वरी ने बताया कि जय महेश कमेटी के सदस्यों ने पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी भगवान महेश का द्वितीय विशाल रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन सतीश पार्क स्थित शिव मंदिर में किया। जिसमें सभी जय महेश कमेटी के सदस्यों को अपने परिवार सहित पहुंचकर बाबा का जलभिषेक करके आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण धार्मिक लाभ उठया। कार्यक्रम




को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक ललित माहेश्वरी, रामबाबू माहेश्वरी, सुरेश माहेश्वरी, महेश माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, लोकेश, कुलदीप , प्रवीण हिमांशु राठी ललित संजीव स्टेट मनोज महेश्वरी रामअवतार केला, अमित, निकुंज, चिराग, सुकुल, राहुल संदीप, प्रतिक सहित कमेटी के सदस्य व सभी माहेश्वरी परिवार उपस्थित रहे।

# उप्र हज कमेटी के मेम्बर कामरान खान ने किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बागपत गेस्ट हाउस में 2025 में हज पर गए हाजियों की बातों को सुना हज से वापस आए हज यात्रियों ने मीना अराफात में खेमों में आने वाली दुश्वारियों से अवगत कराया जिसको सुनकर कामरान खान ने हज कमेटी से वार्ता कर हज पर आने वाली दुश्वारियों को दूर कराने का भरोसा दिया जिला हज ट्रेनर हाजी सरफराज अहमद ने जिले में कोई भी हज 2026 के फार्म भरने के लिए सेन्टर नहीं होना भी बताया कामरान खान ने बागपत के आलिमों और मस्जिद के इमामों से भी वार्ता की जिसमें



ज्यादा से ज्यादा हज 2026 के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा गया इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बागपत हाजी मौ शफीक आशिक इलाही बुलंदशहर जिला अध्यक्ष पसमांदा समाज डॉ रियासत अली फिरोज खान सत्तर मलिक उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक रंग में रंगा तीज-जन्माष्टमी उत्सव

**साहिबाबाद।** इंदिरपुरम स्थित आशियाना उपवन सोसाइटी में सातुड़ी तीज और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम ट्रांस हिंडन एरिया के माहेश्वरी समाज की ओर से शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महेश वंदना और गणेश वंदना से हुई। नन्हें मुन्नें बच्चों ने कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई और महिलाओं ने तीज और श्रृंगार से जुड़े नृत्यों में प्रतिभाग किया। फूलों से गहने बनाने की प्रतियोगिता में प्राची और प्रीति ने पुरस्कार प्राप्त किए।

### केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संजीव गुप्ता को

## व्यापारी भामाशाह पुरस्कार से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आकाशवाणी भवन के सभागार में भारतीय उधोग व्यापार मण्डल की स्थापना के 44 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन की ओर से आयोजित व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी के द्वारा समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल (उधोग



मंच) के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता को व्यापारी भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तथा देश भर के 28 प्रांतों से आये संगठन के प्रतिनिधियों ने व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। जिनके निवारण हेतु केन्द्र सरकार की ओर से व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने व्यापारियों को आस्वस्त किया। इसके पश्चात देश के विकास और जीडीपी में भामाशाह के रूप में अपना अहम योगदान करने वाले स्थापित व्यापारियों को व्यापारी भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्ति पर संजीव कुमार गुप्ता ने भारतीय उधोग व्यापार मण्डल का धन्यवाद देते हुए अपने प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा का भी आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में संगठन के हजारों पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## भारी बारिश में भरभराकर गिर गई सोसाईटी की सीढ़ियां

**गाजियाबाद।** एनसीआर में रविवार तड़के बारिश राहत से ज्यादा आफत लेकर आई। इंदि. रापुरम थाना क्षेत्र में वसुंधरा सेक्टर-17 की ग्रीन व्यू अपार्टमेंट की सीढ़ियां भारी बारिश के चलते धराशाई हो गईं। हादसा तड़के करीब साढ़े चार बजे हुआ। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, एक परिवार तीसरी मंजिल पर फंसा हुआ है। बता दें कि ग्रीन व्यू अपार्टमेंट चार मंजिला सोसाइटी है,जहां करीब 440 परिवार रहते हैं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष हितेंद्र चौहान ने बताया कि एच-100 ब्लॉक की तीसरे मंजिल की सीढ़ी,जो टेरेस की ओर जाती है तड़के गिर गई। हादसे के समय सभी लोग सो रहे थे,जिसके चलते कोई हताहत नहीं हुआ। सीढ़ी गिरने से फ्लैट में फंसे संजीव शर्मा का कहना है कि करीब साढ़े चार बजे जोरदार आवाज आई। कुछ देर बाद उठकर देखा तो फ्लैट के बाहर सीढ़ियां गिरी हुई थीं। गनीमत रही कि उन्होंने जल्दबाजी नहीं दिखाई,अन्यथा वह गिर सकते थे। हादसे के बाद से ही वह अपने बेटे के साथ अंदर फंसे हुए हैं। नगर निगम या परिषद की ओर से उन्हें निकालने के लिए प्रयास नहीं किए गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने हादसे वाली जगह से लोगों को हटाकर छानबीन शुरू कर दी है।

### जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# कुल 154 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 10 का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सदर तहसील मेरठ मण्डलायुक्त महोदय ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। मण्डलायुक्त ऋषिकेश भास्कर



यशोद ने कहा कि हर शिकायत का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, डीडीओ प्रज्ञा सिंह, एसडीएम अरूण दीक्षित, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। मोदीनगर तहसील

एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 45 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। लोनी तहसील उप जिलाधिकारी राजेन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहस. ीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों मे 154 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## एफआईआर में कई और धाराएं बढ़ाई गई

**गाजियाबाद।** कविनगर में स्वयंभू देशों के फर्जी दूतावास चलाने वाले आरोपी हर्षवर्धन जैन से पूछताछ में महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। अब एसटीएफ सबूतों को जोड़ते हुए इस फर्जीवाड़े की गुत्थी सुलझाएगी। वहीं, एफआईआर में धाराएं बढ़ाई गई हैं। शनिवार को रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी को डासना जेल भेज दिया गया। एसटीएफ की नोएडा यूनिट के एडिशनल एसपी राज. कुमार मिश्रा का कहना है कि 5 दिनों की पूछताछ के बाद शनिवार को हर्षवर्धन की मेडिकल जांच कराकर स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया गया।

### चित्रगुप्त सभा के सातवें वार्षिक समारोह का आगाज

# सातवें वार्षिक समारोह एवं संगत पंगत की तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सृजनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत और उमंग एवं उत्साह के वातावरण में चित्रगुप्त सभा की बैठक अशोक श्रीवास्तव द्वारा निर्मित पूर्वांचल भवन में संपन्न हुई। बैठक में गाजियाबाद के अलग अलग कायस्थ सभाओं के प्रतिनिधि, सभा के सहयोगी सदस्यों और चित्रांश समाज के एक्टिव और प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा के मुख्य संयोजक अनुरंजन श्रीवास्तव ने की। उन्होंने बताया कि जहां संकल्प होता है वहां संगठन अपने आप



आकार लेने लगता है और इसी विचार धारा को साकार करते हुए गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा पिछले एक दशक से कार्य कर रही है और जनपद में रह रहे चित्रांश परिवारों से जुड़कर एक मजबूत चित्रांश महापरिवार का निर्माण कार्य चल रहा है। सभा के सभी सदस्यों ने इस वर्ष दिसंबर माह में होने वाली वार्षिक समारोह को शानदार और यादगार बनाने का संकल्प लिया। बैठक में सभी सदस्यों के सुझाव के आधार पे समारोह की रूप रेखा बनाई। अगले कुछ दिनों में अलग अलग कमेटी बनाई जाएगी जो अपने अपने कार्यों में लग जाएगी। इस वर्ष गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा अपनी महा. परिवार की एक अपडेटेड डायरेक्टरी भी पब्लिश करेगी जिसमें गाजियाबाद में रह रहे अधिक से अधिक चित्रांश परिवारों की जानकारी सम्मिलित होगी। पिछले कई महीनों से चल रही कायस्थ कनेक्ट अभियान के तहत जनपद में रह रहे सभी चित्रांश परिवारों से संपर्क का काम हो रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समारोह में देश के अलग अलग जगहों से चित्रांश लोग शामिल होंगे। बैठक में आए सभी लोगों ने समाज के उत्थान हेतु पूरे जोश और समर्पण भाव से सहभागिता करने के संकल्प को दोहराया अनिल सिन्हा बैठक में आए सभी सदस्यों के लिए नाश्ते का प्रबंध किया। आज की

# उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कराए हैं अनेक कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मेरठ रोड साइट-3 में औद्योगिक स्वच्छता और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। इस क्रम में 1. 49 करोड़ रुपए की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) का कार्य कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्षेत्र में प्रतिदिन कूड़ा उठाव, निस्तारण तथा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही 23.94 लाख रुपए की लागत से नालियों की सफाई का कार्य




90% पूर्ण कराया जा चूका है ताकि जल निकासी व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सके।

इसके अतिरिक्त, औद्योगिक क्षेत्र की सड़क अवस्थापना को और बेहतर बनाने हेतु 1.18 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। साथ ही, 1.26 करोड़ रुपए की लागत से वार्षिक अनुरक्षण (ाददनंस डंपदजमदंदबम) कार्य प्रस्तावित किया गया है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र की रख रखाव एवं दीर्घकालिक मरम्मत सुविधा सुनिश्चित की जा सके। ये सभी कार्य श्री मयूर महेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा के नेतृत्व में कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं निवेशकों के अनुकूल बनाना है। यूपीसीडा की यह पहल औद्योगिक इकाइयों, श्रमिकों एवं उद्यमियों को एक आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हिंडन एयरपोर्ट से कुछ शहरों के लिए घट सकती है विमान सेवा!

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से लगातार उड़ानों की संख्या बढ़ने से अव्यवस्था भी बढ़ गई है। इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ शहरों की उड़ानों की संख्या घटाई जा सकती है। इस पर हवाई अड्डा प्राधिकरण विचार कर रहा है। वहीं, कम यात्रियों वाली उड़ानें बंद भी की जा सकती हैं। हिंडन एयरपोर्ट से वर्तमान में 16 शहरों के लिए 25 उड़ान चल रही हैं। कई शहरों के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ इंडिगो की भी उड़ान मिल रही है। वहीं बेंगलुरु की दिन में चार उड़ान हैं। 20 जुलाई को एयरपोर्ट से इंडिगो ने एक साथ 10 उड़ानें शुरू की थीं। इनकी शुरुआत करते समय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा था कि उनके कार्यकाल में पहली बार किसी एयरपोर्ट से एक साथ 10 उड़ानें शुरू हुई हैं। बता दें कि हिंडन एयरपोर्ट पर अब अव्यवस्था बढ़ रही है, जिसका खामियाजा यात्रियों को ही भुगतान पड़ रहा है। पिछले सप्ताह कोलकाता के लिए विमान ने करीब 18 घंटे बाद उड़ान भरी थी तो वहीं लगातार कई उड़ानें रद्द की जा रही हैं। एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं है और हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के रनवे से विमान उड़ान भरते और उतरते हैं। कई बार एयरफोर्स की ओर से सुरक्षा कारणों से अनुम. ति नहीं मिलती तो कई बार तकनीकी अड़चन आने पर एक विमान के कुछ देर रुकते ही दूसरी उड़ान का समय हो जाता है। हाल ही में हिंडन एयरफोर्स के अधिकारियों से पांच एयरक्राफ्ट की पार्किंग की जगह भी मांगी गई थी।

# क्षत्रिय महापुरुष सम्मान एवं विराट कवि सम्मेलन सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मधी क्षेत्र राजपूत सभा गाजियाबाद द्वारा क्षत्रिय समाज के महापुरुषों के सम्मान में समर्पित भव्य एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हिंदी भवन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय पूर्व मंत्री सुरेश राणा (गन्ना मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार) ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती व क्षत्रिय महापुरुषों को माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत संयोजक ठाकुर अजय चौहान, अध्यक्ष राम औतार सिंह, एवं महासचिव नरपाल सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि अनिल खेड़ा का स्वागत वीरेंद्र सिंह,



हरिओम सिंह चौहान, रविंदर चौहान, हरि सिंह नगलक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान देशभर से आए प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को देशभक्ति और शौर्य से सराबोर कर दिया। डॉ अर्जुन सिंह सिसोदिया, मनोज कुमार मनोज, डॉ अक्षय प्रताप, डॉ विनोद चौहान "प्रसून", नरेंद्र सिंह निहार, मोहित शौर्य, एवं कवियत्री अंजलि सिसोदिया ने अपनी कविताओं से क्षत्रिय गौरव, पराक्रम और त्याग का संदेश दिया। डॉ अर्जुन सिंह सिसोदिया की कविता की पंक्तियाँ:

"युद्ध नहीं जिनके जीवन में वे भी बड़े अभागे होंगे, या तो प्रण को तोड़ा होगा या फिर रण से भागे होंगे।" डॉ विनोद चौहान प्रसून की पंक्तियाँ "गरिमा गौरव और गर्व का रखना होगा ध्यान हमें राजपूत हैं और यही गुण देते हैं पहचान हमें। मुख्य अतिथि सुरेश राणा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षत्रिय समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं, विशिष्ट अतिथि अनिल खेड़ा ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके बल पर समाज अपनी प्रतिष्ठा और भागीदारी को बढ़ा सकता है। संयोजक ठाकुर अजय चौहान ने समाज को एकजुट रहने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास शौर्य, त्याग और बलिदान का प्रतीक है।अंत में अध्यक्ष राम औतार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राजपूत समाज केवल एक जाति नहीं बल्कि स्वाभिमान, शौर्य और त्याग का प्रतीक है। इस विराट कवि सम्मेलन में लगभग 500-600 राजपूत बंधु, क्षत्राणियाँ एवं बच्चे शामिल हुए।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ हरपाल सिंह चौहान एवं डॉ जितेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी कवियों और उपस्थित समाजबंधुओं का संस्था की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# टायर बदलते समय अज्ञात वाहन ने ट्रक ड्राईवर को कुचला

## ट्रक में टिफ्टिस की लकड़ी लेकर बदायूं से हरियाणा जाते समय ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें सरफाबाद के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप ट्रक का टायर बदलते समय अज्ञात वाहन ने ट्रक चालक को कुचल दिया जिससे उसकी मौकें पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बदायूं के बुधनी निवासी 25 वर्षीय मुनेश पुत्र फूलसिंह ट्रक चालक है। वह अपने भाई अलंकार के साथ ट्रक में टिफ्टिस की लकड़ी लेकर बदायूं से हरियाणा जा रहा था जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें सरफाबाद के समीप पहुंचा तो उसके ट्रक में पंचर हो गया जिससे वह गाड़ी साईड़ मे लगा टायर बदलने लगा तभी पीछे से आ रहा एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौकें पर मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों को सूचना दे दी गयी है।


मृतक का फाइल फोटो

## गलत सूचना देने वालों पर NSA के तहत की जाएगी कार्रवाई:एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गलत सूचना देने वालों पर पुलिस अब सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व गलत सूचना देकर पुलिस को भ्रमित करते हैं। इससे आम नागरिकों में डर का माहौल बन जाता है।

बागपत में हाल ही में ड्रोन उड़ाए जाने की सूचनाएं डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिलीं, लेकिन जांच में इनमें से किसी भी सूचना की पुष्टि नहीं हुई। कहीं बच्चों के खिलौने उड़ाए गए थे तो कहीं पतंग में लाइट लगाकर उड़ाई जा रही थी।


पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी दी है कि गलत सूचना देने वालों पर NSA के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक की तरह अफवाहों पर ध्यान न दें। सूरज कुमार राय ने कहा कि फर्जी सूचना देने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। उनके अनुसार, असामाजिक तत्व लोगों के बीच डर का माहौल पैदा करना चाहते हैं। इसलिए वे गलत तरीके से सूचनाएं देते हैं और पुलिस को गुमराह करते हैं।

## पतंग में लाइट बांधकर उड़ाई, ड्रोन वाले बदमाश आने का शोर मचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने पतंग में लाइट बांधकर आसमान में उड़ा दी और ड्रोन उड़ाकर बदमाशों के आने का शोर मचा दिया। लोग अपने घरों से बाहर आकर बदमाशों को तलाशने लगे। तभी लोगों ने पतंग में लाइट बांधकर उड़ा रहे युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पर कार्रवाई किए बिना ही अफवाह फैलाने वाले को छोड़ने का आरोप लगाया।

कस्बा निवासी नितिन व अशोक आदि ने बताया कि जिले में ड्रोन उड़ाने वाले बदमाशों की अफवाह फैलाई जा रही है। शुक्रवार देर रात कस्बे में ड्रोन उड़ाकर बदमाशों के रेकी कर घरों में घुसकर चोरी करने की अफवाह फैला दी गई। इससे भयभीत लोगों ने आसमान में उड़ा रही लाइटों की वीडियो बनाकर पुलिस को भेजी। आरोप लगाया कि करीब एक घंटे तक अफरातफरी का माहौल बनने के बाद लोगों को एक युवक पतंग उड़ाता हुआ नजर आया।

लोगों ने एकत्रित होकर युवक को पकड़ा तो उसने आसमान में उड़ रही लाइट पतंग के साथ नीचे उतारी। इसके बाद पुलिसकर्मी युवक को थाने ले गए। नितिन ने आरोप लगाया कि अफवाह फैलाने वाले युवक को माफी मांगने पर कार्रवाई किए बिना ही छोड़ दिया गया। इस मामले में छपरौली पुलिस का कहना है कि इसमें तहरीर मिलने पर जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## छत पर खड़े युवक को अचानक गोली लगने से लहूलुहान होकर गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली के दरकावदा गांव में एक अजीब घटना सामने आई है। रात के समय अपने मकान की छत पर खड़े वाजिद नामक युवक को अचानक गोली लग गई। गोली उसकी जांघ में लगी जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया।

गोली लगने से वाजिद की जांघ से घुटने तक का हिस्सा जख्मी हो गया। घटना में उसकी चारपाई खून से सन गई। पास रखी कुर्सी का एक कोना भी गोली लगने से टूट गया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने चलाई और कहां से आई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने परि. जनों के साथ घायल वाजिद को सीएचसी बिनौली में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि इस संबंध में अभी तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 18 अगस्त को होगा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष बागपत कालूराम हिलवाड़ी के आवास पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमे बागपत जनपद के सभी जिम्मेदार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई तथा कड़े फैसले लेकर भविष्य की रणनीति तैयार की गयी। भविष्य के आंदोलन व पंचायतो की तारीख तय की गयी। बैठक में अन्नु मलिक ने सरकार की नीतियों को किसान मजदूर विरोधी बताया तथा स्मार्ट मीटर घरों में लगाने की सरकारी योजना का पुरजोर विरोध करने की बात कही। कहा कि स्मार्ट मीटर बिलकुल गाँवो में नहीं लगने दिए जायेंगे। अन्नु मलिक ने कहा कि माध्यमिक स्कूलो के समिति चुनाव के मुद्दे को सभा में पुरजोर उठाया ओर कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियो की मिलीभगत से पहले चुनाव कराये जाते है।

फिर समिति को भंग कराया जाता है। पहले वोट डलवाये जाते है। फिर उन्ही वोटो अवैध बताया जाता है। इसका नकारात्मक प्रभाव ग्रामीण पृष्ठभूमि पर पड़ता है। क्योंकि इन संस्थाओ में किसान ओर मजदूरो के बच्चे पढ़ते है तथा इन संस्थाओ को राजनीति का अखाडा बना दिया है, चुनावी रंजिशो को जन्म दे दिया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौधरी काल. ूराम सिंह ने कहा कि इन विद्यालयों में जमीन किसान ने दी है। किसानों ने ही चंदा किसान ने दीया, है बच्चे किसान के पढ़ रहे हैं। तो विद्यालय को बचाने की जिम्मेदारी भी किसान की है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुऐ सभी कार्यकर्ताओ व पदा. धिकारियो की सहमति से आने वाली 18 अगस्त को डीआईओएस कार्यालय पर एक बड़े आंदोलन का निर्णय लिया गया, जिसके लिए किसान मजदूर संगठन अपनी पूरी ताकत झोंकेगा।

गन्ना भुगतान का मुद्दा भी सभी वक्ताओ की जुबान पर रहा। प्राइमरी स्कूल का समायोजन पर भी सभी वक्ताओ का गुस्सा फूटा ओर सभी ने सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ आंदोलन की बात कही। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के साथ 24 घंटे से कंधा मिलाकर चल रहा है। किसानों मजदूरों के लिए किसान मजदूर संगठन किसाने की समस्याओं को समय-समय पर उठाकर किसान हित में कार्य कर रहा है। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता परवेज अहमद, और अध्यक्षता ओमवीर शास्त्री ने की। इस मौके अभिसेख त्यागी, बृजपाल ठाकुर, पवन पुनिया, वीरेंद्र किरठल, अभिसेक पुरा वाले, सलीम प्रधान, संजय शांगवान, राहुल नगला रवा, शाहरुख बासोद, बिल्लू तेडा, मनीश ग्वालीखेड़ा, नीरज अरोड़ा, अजय प्रधान, अनुज राजपूत फतेपुर, सौरव यादव पुठड़, जमील प्रधान कोताना, रहीश प्रधान कोताना, यशवीर हिलवाड़ी, वीरेंद्र रमाला, अरशद बड़ौत, नरेंद्र शिक. ोपुर, कुरबान इदरीशपुर, लोकिंद्र नांगल, श्योवीर सिंह माखर आलम गिर गौसपुर आदि उपस्थित रहे।

## एटीएम से चोरी का युवक ने अपनाया अनोखा तरीका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र की पाठशाला चौकी के समीप स्थित एटीएम में एक युवक ने चोरी का अनोखा तरीका अपनाया। आरोपी ने एटीएम के कैश निकलने वाले स्लॉट पर प्लास्टिक की पट्टी लगा दी। इस पट्टी का उद्देश्य था कि जब कोई व्यक्ति पैसे निकाले तो नोट बाहर न आ सकें और वह बाद में उन्हें चुरा सके।

सूचना मिलते ही पाठशाला चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। पुलिस ने एटीएम से वह टेप बरामद कर ली है जिसके सहारे युवक पैसे चोरी करने का प्रयास कर रहा था। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि अभी युवक का इरादा स्पष्ट नहीं है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह तरीका एटीएम से पैसे चुराने का एक प्रचलित तरीका है। इसमें आरोपी एटीएम के कैश डिस्पेंसर पर टेप लगाकर पैसों को अंदर फंसा देते हैं। जब ग्राहक पैसे निकालने के बाद चला जाता है, तो आरोपी टेप हटाकर पैसे निकाल लेते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि एटीएम से पैसे निकालते समय सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## तेज बारिश के कारण भरभराकर गिरा मकान, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मोहम्मदपुर खूंटी गांव में आज सुबह हुई तेज बारिश के कारण एक मकान भरभराकर गिर गया। इस हादसे में सतपाल और उनकी पत्नी बलबिरी घायल हो गए। दोनों मकान के एक कमरे में थे जब यह घटना हुई।

मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया और मलबे में दबे दंपति को बाहर निकाला। घायल दंपति को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में दोनों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

स्थानीय निवासी प्रवेश ने बताया कि अचानक तेज आवाज के साथ मकान गिरा। इसके बाद सभी लोग दौड़कर पहुंचे और दंपति को मलबे से निकाला। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। राजस्व विभाग के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अभी तक प्रशासन की ओर से मुआवजे की घोषणा नहीं की गई है।



## रसोई में मिल रहा है जरूरत मन्दों को भोजन

**बडौत।** नगर में सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में सारथी की 32वीं रसोई का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा को भोग समर्पित कर किया गया। इस रसोई का उद्घाटनअधिवक्ता संतोष जैन ने किया। उन्होंने बताया ऐसी रसोई हमेशा चलती रहनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद की मदद होती रहे और उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष भूपेश बब्बर ने बताया कि सारथी की रसोई में जरूरतमंद लोग भोजन करते है। बड़ा ही पुण्य का कार्य है। ईस रसोई का प्रसाद में आम जनों को गरीबों को मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, राहगीरों को एवं अन्य वर्ग के सभी लोगों को 5 में भरपेट भोजन कराया जाता है। अनुराग मोहन ओर ममित चिकारा ने भी इस रसोई में आकर सेवा कर धर्म लाभ उठाया।


## श्रीराम फाइनेन्स लिमिटेड

(पहले श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

**पंजीकृत कार्यालय:** 14ए, श्री टॉवर्स, साऊथ फेज, औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई- 600032, **शाखा कार्यालय:** यूजीएफ-12-21, अपर ग्राउंड फ्लोर, 14 अंबा डीड बिल्डिंग, कस्तूरबा गांधी मार्ग, बाराखंभा नई दिल्ली-110001. **website: www.shriramfinance.in**

### माँग सूचना पत्र

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

जैसा कि यहां नीचे उल्लेखित कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों ने श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता ग्रहण की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फार्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी।
उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता का नाम | बकाया राशि | सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| **ऋण नं. RSSDLLP2302280005** **मैसर्स एम्बिशन इंक (उधारकर्ता) (इसके प्रोप. विक्रम पूनिया द्वारा प्रतिनिधित्व) पता- प्रथम तल बी-48 साइड साउथ पर्यावरण कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली-110030 2. श्री विक्रम पूनिया (सह- उधारकर्ता/ गारंटर) पता- फ्लैट संख्या 204, जनप्रतिनिधि अपार्टमेंट, सेक्टर 28, गुड़गांव, डी.टी. मेघा मॉल, हरियाणा-122001 3. श्रीमती शिवानी पूनिया (सह- उधारकर्ता/ गारंटर) पता- फ्लैट संख्या 204, जनप्रतिनिधि अपार्टमेंट, सेक्टर 28, गुड़गांव, डी.टी. मेघा मॉल, हरियाणा-122001. एनपीए दिनांक - 03-जुलाई-2025 मांग सूचना की तिथि: 21-जुलाई-2025** | रु. 1,09,98,905/- (रु. एक करोड़ नौ लाख अट्ठानवे हज़ार नौ सौ पाँच मात्र) 14 जुलाई 2025 को नियमों और शर्तों के अनुसार अतिरिक्त ब्याज और शुल्क के साथ **ऋण धनराशि** रु. 1,18,00,000/- (रु. एक करोड़ अठारह लाख मात्र) | उक्त भवन का बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर, बेसमेंट का कवर्ड एरिया 108.302 वर्ग मीटर (1165 वर्ग फीट) और ग्राउंड फ्लोर 108.302 वर्ग मीटर (1165 वर्ग फीट), जिसमें 214 वर्ग गज के भूमि नंबर 2881 के प्लॉट में आनुपातिक अविभाज्य, अविभाज्य अधिकार, सेक्टर-46, गुरुग्राम (हरियाणा) आवासीय कॉलोनी से जाना जाता है, उक्त भवन में सामान्य स्थानों जैसे सीढ़ियाँ, सभी मंजिलों पर सीढ़ियों के उतरने के स्थान, सभी मंजिलों पर सामान्य लॉबी और मार्ग, प्रवेश और निकास, भूतल पर पानी की आपूर्ति और पानी की टंकी, बिजली, प्रकाश, सीवर व्यवस्था आदि का उपयोग किया जाता है। साथ ही भूमि के भूखंड और शीर्ष छत में आनुपातिक हिस्सेदारी के साथ-साथ सभी सुखभोगी अधिकार भी हैं। स्थल के अनुसार सीमा: पूर्व: उत्तर पूर्व: अन्य संपत्ति, पश्चिम: दक्षिण पश्चिम: सड़क, उत्तर: उत्तर पश्चिम: भूखंड संख्या 2882, दक्षिण: दक्षिण पूर्व: भूखंड संख्या 2880 |
| **ऋण नं. RSSDLLP2211090001** **1. मैसर्स सिंघल फोम हाउस (उधारकर्ता) (इसके प्रोप. श्री अमन अग्रवाल द्वारा प्रतिनिधित्व) पता- जी.एफ. ए 31/130, माता मंदिर मार्ग, गली नंबर 2, मौजपुर, पूर्वी दिल्ली-110032., इसके अलावा: पता- ऊपरी भू-तल, डी-48, गली नंबर 6, शिव मंदिर के पास, ज्योति नगर, गोकुलपुर, दिल्ली-110094. 2. श्री अमन अग्रवाल पुत्र विजय कुमार (सह-उधारकर्ता/गारंटर) पता-ऊपरी भू-तल, डी-48, गली नंबर 6, शिव मंदिर के पास, ज्योति नगर, गोकुलपुर, उत्तर पूर्वी दिल्ली-110094 3. श्रीमती वीना गुप्ता पत्नी विजय कुमार (सह-उधारकर्ता/गारंटर) पता- ऊपरी भू-तल, डी-48, गली नंबर 6, शिव मंदिर के पास, ज्योति नगर, गोकुलपुर, उत्तर पूर्वी दिल्ली-110094. एनपीए दिनांक - 02-जून-2025 मांग सूचना की तिथि: 22-जुलाई-2025** | रु. 76,25,766/- (रु. छिहत्तर लाख पच्चीस हज़ार सात सौ छियासठ मात्र) 10 जून 2025 को नियमों और शर्तों के अनुसार अतिरिक्त ब्याज और शुल्क के साथ **ऋण धनराशि** रु. 79,50,000/- (रु. उनासी लाख पचास हज़ार मात्र) | संपत्ति का पूरा विवरण:- एक आवासीय निर्मित ऊपरी भूतल, बिना छत और टेरेस अधिकारों के, साइट पर निर्मित संपूर्ण संरचना सहित, उस पर लगे सभी फिक्स्चर और फिटिंग सहित, केवल पानी की टंकी और डिश एंटीना के रखरखाव और मरम्मत के लिए ऊपरी मंजिल की छत का उपयोग करने का अधिकार, संपत्ति संख्या: D-48, क्षेत्रफल एरिया 186.50 वर्ग मीटर अर्थात 223 वर्ग गज, खसरा संख्या 618/56 में से, ब्लॉक-D, पश्चिम ज्योति नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110094 की आबादी में ग्राम सिकंदरपुर के क्षेत्र में स्थित है, जिसमें सभी सामान्य सुविधाएं हैं जैसे कि भूतल से आगे सामान्य सीढ़ियां, सामान्य गैलरी, सामान्य मार्ग, सामान्य लिफ्ट, स्टिल्ट में सामान्य पार्किंग में 1/4 अविभाजित हिस्सा, सामान्य प्रवेश द्वार, साथ में भूमि के 1/4 अविभाजित हिस्से का आनुपातिक, अविभाज्य, मालिकाना हक। मालिक का नाम- श्री वीना। सीमा: पूर्व में: प्लॉट नंबर 47, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 49, उत्तर में: 40 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में: 12 फीट चौड़ी गली |

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्द्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।**

स्थान:- गुड़गांव/दिल्ली
दिनांक:- 04-08-2025

**हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी**
**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।**


## भगवान की पूजा आपको स्वर्ग व मोक्ष का सुख देने में समर्थ है:महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के अतिथि भवन में जैन समाज द्वारा चल रहे 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान में रविवार को विधि विधान के साथ शांतिनाथ भगवान की पूजा अर्चना की गई। आचार्य नयन सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा जिनेंद्र भगवान की पूजा इतनी समर्थ है पूजा का इतना महत्व है कि वह आपकी दुर्गति का निवारण कर सकती है आपको वह स्वर्ग व मोक्ष का सुख देने में समर्थ है। उन्होंने बताया कि पूजा अखंड वस्त्रो में करनी चाहिए। खंडित वस्त्रों में नहीं शुद्ध धोती दुपटे में ही हमें पूजा करनी चाहिए। हमारे पास पूजा के लिए सामग्री सीमित है और सिद्ध हमारे अनंता अनंत हैं हमें तब क्या करना चाहिए। हमें भाव सहित पूजन करना चाहिए। जिनेन्द्र भगवान का नाम लेने से वातावरण पवित्र हो जाता है। जीवन पवित्र हो जाता है। विधान में श्रद्धालुओं द्वारा शांतिनाथ भगवान की पूजा विश्व में शांति की कामना के साथ की गई धर्म सभा में प्रवीण जैन, मनोज कुमार जैन पैट्रोल पम्प वाले, वरिष्ठ समाजसेवी अनुराग जैन पुनीत जैन इन्शुअरन्स, आदिश जैन, कमल जैन, आनंद जैन, धनेंद्र जैन,राकेश जैन, नवीन जैन, अनुराग जैन, अमित जैन, अंकुर जैन, सिद्धार्थ जैन की उपस्थिति रही।



## ड्रोन उड़ाए जाने की डायल 112 पर गलत सूचना देने के मामले में छह लोगों का पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने डायल 112 पर गलत सूचना देने के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रात्रि में ड्रोन उड़ाए जाने की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया था।

पुलिस ने लुहारी गांव से शुभम, प्रवेश और रितिक को गिरफ्तार किया है। बोहला गांव से शमसुद्दीन और गुलजार तथा वाजिदपुर गांव से सुरेश को हिरासत में लिया गया है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि ये सभी अभियुक्त गलत सूचना देकर लोगों में भ्रम और डर का माहौल पैदा करना चाहते थे। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति झूठी सूचना देकर लोगों के बीच भ्रम फैलाएगा, तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी नजर रख रहे हैं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी जारी है। अधिक. ारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक या झूठी सूचना न फैलाएं।

## बैठक में अध्यक्षगणो के साथ संगठन की मजबूती को लेकर किया गहन संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श करते कांग्रेसी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश 100 दिन संगठन सृजन अभियान के तहत मजबूती से संगठन विस्तार को लेकर संगठन सृजन की महत्वपूर्ण बैठक बडौत शहर कांग्रेस कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड बडौत पर आयोजित की गयी जिसमें मुख्य अतिथि फ्रण्टल विभाग सेल्स के बडौत शहर कोआर्डिनेटर सतेन्द शर्मा रहे। बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने की तथा संचालन अनुज कुमार ने किया।

शहर कोआर्डिनेटर सतेन्द शर्मा ने सभी फंटल प्रस्तावित शहर अध्यक्षगणो के साथ संगठन की मजबूती को लेकर गहन संवाद किया। सभी से बूथ कमेटी बनाने पर पुरजोर जोर दिया जिससे 2027 विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ लडा जा सके 15 अगस्त स्वंत्रता दिवस मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की सभी ने एक स्वर मे शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार के हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा दिन प्रतिदिन कांग्रेस का जनाधार तेजी से बढ रहा है। आज युवा कांग्रेस की नीतियों विचारधारा से प्रभावित होकर मजबूती के साथ जुड रहा है। युवाओं को साथ लेकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। कांग्रेस ही एक मात्र गरीबों दलितो किसानो व्यापारियों का कल्याण करने मे समक्ष है। किसान मजदूर बदहाल है। महिलाओं पर अत्याचार बढ रहे है। शुशासान के लिए कांग्रेस जरूरी है। जयप्रकाश सरोहा डा.सुभाष शर्मा बिजेन्द्र शर्मा गीता तोमर ने कहा केन्द्र प्रदेश सरकार जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। जनता अब समझ चुकी है। आगामी समय मे गलती दोहराना नही चाहेगी। इस अवसर पर देवेन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष डाक्टर सुभाष शर्मा महासचिव बिजेन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष जयप्रकाश सरोहा सहकारिता विभाग गीता देवी महिला शहर अध्यक्ष हाकिम सेवादल देव नेन युथ कांग्रेस रविन्द्र तोमर किसान प्रकोष्ठ प्रवीण वर्मा श्रमिक विभाग सुनील गुप्ता गैर सरकारी एन जी ओ जावेद अल्पसंख्यक विभाग शोकेन्द्र तोमर वार्ड अध्यक्ष औंकार दत्त कार्यालय सचिव आदि उपस्थित रहे।





**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





शामली। रविवार को हुई झमाझम बारिश के बीच गुजरते वाहन चालक।

## जलभराव से हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** रविवार सुबह जमकर वर्षा हुई जिससे कस्बे के चारों तरफ सड़कों पर जल भराव हो गया जिससे कस्बे वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार सुबह तेज बारिश हुई जिससे कस्बे के मुख्य मार्ग पर जल भराव हो गया कस्बे में चारों तरफ से आने वाले मार्ग लगभग सभी पर जल भराव की स्थिति हो गई ।पिंडोरा रोड ,जूनियर हाई स्कूल, डीएवी इंटर कॉलेज ,बस स्टैंड से बाजार जाने वाली सड़क सभी सड़कों पर जल भराव देखने को मिला जल भराव का मुख्य कारण सरकारी नालों पर अतिक्रमण तथा पॉलिथीन देखा जा रहा है कस्बे में सरकारी नालों पर जगह–जगह अतिक्रमण कर लिया गया है तथा पॉलिथीन का प्रयोग भी लगातार किया जा रहा है पॉलिथीन की वजह से नाले अटे पड़े रहते हैं जिसे रोकने में नगर पंचायत असमर्थ बनी हुई है जल भराव से कस्बे के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

# बारिश से बस्तियों में रहने वालों को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले कई दिनों से लगातार रूक–रूककर हो रही बारिश के बाद बस्तियों में रहने वाले शहर के नागरिकों को दुश्वारियों को सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका द्वारा विकास कार्य न कराए जाने से रास्तों पर कीचड़ और जलभराव होने से नागरिक परेशानहाल है, लेकिन नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नही है। नागरिकों ने जिला प्रशासन ने संज्ञान लेकर सड़कों और नालियों का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

पिछले चार दिनों से लगातार रूक–रूककर बारिश हो रही है। सवेरे के समय बारिश होने से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलती नजर आ रही है वही बस्तियों में रहे वाले लोगों को दुश्वारियों का सामना भी करना पड़ रहा है। शहर के मौहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, दयानंदनगर, हाजी कालोनी सहित नौकुआ रोड़ पर बारिश के बाद सड़कों पर कीचड़ फैला हुआ है। मामूली बारिश के बाद ही सड़कों पर जलभराव हो रखा है। जिस कारण यहां रहने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। हालात यह हो गए है कि सडकों पर कीचड इस कदर फैला हुआ कि छोटे बच्चों, बुर्जुगों और महिलाओं ने सड़क पर निकला तक बंद कर दिया है। कई छोटे बच्चे और बाईक सवार कीचड में हो रही फिसलन में गिरकर चोटिल हो चुके है। कई लोगों को गंभीर चोटे भी आई है। नागरिकों ने बताया कि कई बार नगर पालिका से शिकायत की गई और सडक तथा नालियों का निर्माण करने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनने वाला नही है। प्रशासनिक अधिकारी भी आंखे मूंदे बैठे है। जिस कारण लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। रविवार को सवेरे हुई बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन सडकों पर फैले कीचड से परेशानियों का सामना करना पडा।

## बच्चा श्मशान भूमि को भूमि आरक्षित नहीं

**ऊन।** कस्बे में बच्चा श्मशान भूमि हेतु भूमि आरक्षित नहीं है जिस कारण मृतक बच्चों के अंतिम संस्कार में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायत कर भूमि आरक्षित करने की मांग की गई कस्बे की आबादी करीब 35000 है लेकिन बच्चा शमशान भूमि हेतु सरकारी राजस्व रिकॉर्ड में कोई भूमि दर्ज नहीं है जिस कारण मृतक बच्चों के अंतिम संस्कार में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है कस्बा निवासी पाल शर्मा पुत्र सेवाराम ने कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए इसके बाद भूमि चिन्हित भी कर दी गई लेकिन अभी तक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं की गई है इस संबंध में डीएम अरविंद कुमार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गई बच्चा श्मशान भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की।

## रात्रि में खाना खाने से परिवार के आठ लोगों की हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव रजाकनगर में फूड पोइजनिंग के चलते एक ही परिवार के आठ लोगों की हालत बिगड गई। जिनको उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आलू की बनी सब्जी और रोटी खाकर सोया था परिवार। सुबह गहरी नींद में रहने ओर उल्टी की शिकायत होने पर 108 एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया।

शनिवार की रात्रि में क्षेत्र के गांव रजाकनगर निवासी संजीव पुत्र रांगल के परिवार में आलू की सब्जी और रोटी बनी थी। जिसको परिवार के सभी लोगों ने खाया, लेकिन खाना खाने के बाद परिवार के आठ लोगों को कोई होश नहीं रहा।

सुबह पानीपत निवासी रिश्तेदारों द्वारा मोबाइल पर जब सम्पर्क किया तो महिला रेखा द्वारा फोन रिसीव किया और बेहोशी की हालत में बात की।

जिसके बाद रिश्तेदार जोनी पानीपत से रजाकनगर पहुंचा और परिजनों की हालत देखकर 108 एंबुलेंस द्वारा रांगल ,संजीव कुमार ,चीनू , तरूण ,देव, तनु ,रेखा, पाल्ली को बेहोशी की हालत में अस्पताल भिजवाया। जहां पर सभी का उपचार चल रहा है ओर सभी की हालत सामान्य है। चिकित्सक द्वारा बताया गया कि परिवार फूड पोइजनिंग का शिकार हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद उपनि. रीक्षक राघवेन्द्र सिंह टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और परिवार की कुशलता जानी, वहीं परिवार ने रात्रि में बने भोजन की जांच कराने की मांग की है।

# शिक्षा पर शिक्षाविदों राजनीतिज्ञों समाज सेवियों ने रखे अपने विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के मेपल्स एकेडमी में शिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख शिक्षाविदों, समाजसे. वियों, राजनीतिक प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े तमाम व्यक्तियों ने भाग लेकर शिक्षा से बेहतरीन लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया। संवाद का उद्देश्य शिक्षा के मूलभूत मुद्दों पर राष्ट्रव्यापी विमर्श को प्रोत्साहित करना रहा।




कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। वक्ताओं ने शिक्षा के वर्तमान परि.श्य पर अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् और शिक्षक नेता डॉक्टर कुलदीप मलिक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश में जाति, धर्म, मंदिर–मस्जिद जैसे विषयों पर तो चर्चा आम है, किंतु शिक्षा जो किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है उस पर गंभीर संवाद का अभाव है। डॉ। मलिक ने बताया कि शिक्षा के चार प्रमुख स्तंभ, विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और प्रबंधक वर्तमान में उपेक्षा का शिकार हैं। इन स्तंभों को सशक्त किए बिना शिक्षा क्षेत्र में कोई सुधार संभव नहीं। उन्होंने यह भी साझा किया कि शिक्षा पर चर्चा की यह श्रृंखला उनकी माताजी वेदवती देवी की पुण्य स्मृति में आरंभ की गई थी और अब यह आंदोलन का रूप ले चुकी है। उन्होंने सरकार को सुझाव देते हुए कहा मधुशालाएं बंद कर विद्यालयों को खोलने की नीति पर जोर दिया जाना चाहिए। तभी शिक्षा समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकेगी।



विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा यह एक ऐसा मंच है जहां शिक्षा के मूल प्रश्नों पर खुलकर चर्चा हो रही है। ऐसे आयोजनों से ही नीतिगत सुधार की राह निकलती है। चेयरमैन अरविंद संगल कहा आज आवश्यकता है जमीनी स्तर से उठने वाली आवाजों को मंच देने की। यह कार्यक्रम शिक्षा क्षेत्र के लिए एक प्रेरक पहल है।

कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप कुमार ने कहा कि जब तक शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी लोग एकजुट होकर अपनी बात नहीं रखेंगे, तब तक सरकारें शिक्षा को यूं ही अनदेखा करती रहेंगी। मौके पर सुरेंद्र सौरभ, सूरजपाल, यशपाल पंवार, डा। विनीत चौहान, सोनिया सांघल एवं गीता ने भी विचार रखे। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन विधायक प्रसन्न चौधरी को सौंपा गया। कार्यक्रम संचालन पूनम तोमर एवं मोशीमी बैरोई द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, प्रदीप कुमार, पुष्पेन्द्र हुड्डा, नीरज बेनीवाल, कंवरपाल सिंह, प्रवीण कुमार, रोहित जठराना, योगेश राठी, परमिंदर, अभिषेक भारद्वाज, मुकेश शर्मा, मनीष कालखंडे, फूल कुमार, पूनम तोमर मौजूद रहे।

# शिव पिन्डी की स्थापना को पूजा–अर्चना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन भगवान जगन्नाथ, मंदिर बाला जी धाम मे नर्मदा नदी के गर्भ से अवतरित शिव पिन्डी की स्थापना के लिए धार्मिक विधी विधान से पूजा अर्चना के साथ वेदी स्थापना के साथ जलाधिवास कराया गया इस अवसर पर सिद्ध पीठ शाकुम्बरी देवी से आए पड़ित राहुल शास्त्री ने मां नर्मदा नदी से गर्भ से अवतरित शिव पिन्डी के महत्व व विषय मे बताते हुए कहा श्रावण में शिवजी का पूजन करते हुए बिचार करें। जिस जीवन में संघर्ष नहीं होगा उस जीवन में सुख - समृद्धि एवं शांति रूपी मधुर फलों की प्राप्ति भी नहीं हो सकती। संघर्ष वो वृक्ष है जिसकी जड़ें कड़वी जरूर होती हैं मगर उसके फल बड़े ही मधुर होते हैं। जिस जीवन में आज जितनी मधुरता है उस जीवन में कभी उतना ही संघर्ष भी रहा होगा। कौआ कोयल की आवाज को दबा सकता है, मगर स्वयं की आवाज को मधुर नहीं बना सकता, उसी तरह निंदा करने वाला मनुष्य सज्जन को बदनाम कर सकता है मगर स्वयं सज्जन नहीं बन सकता।आनंद एक आभास है जिसे हर कोई ढूंढ रहा है। दु:ख एक अनुभव है जो आज हर एक के पास है, फिर भी जिंदगी में वही कामयाब है जिसको प्रभु पर विश्वास है। यदि कोई चीज वास्तव में आपकी है तो वो आपसे दूर नहीं जा सकती और जिसे जाना है उसे आप रोक नहीं सकते। इसलिए जीवन के हर पक्ष में उपराम रहे केवल किसी व्यक्ति विशेष को प्रसन्न करने के लिए हमारे कर्म नहीं होने चाहिए। इस अवसर पर पद्द रामानुज शास्त्री, पद्द सुमित शास्त्री मोहित तायल अंकुर तायल भव्य तायल आदि मौजूद रहे।

# पीस एजुकेशन कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर/नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में आयोजित कार्यक्रम ने जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरणा देने का कार्य किया है। बिन्दल शुगर मिल में आयोजित द प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा पीस एजुकेशन कोर्स के पांचवें दिन कर्मचारियों ने तृप्ति और आशा के महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा में भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन की चुनौतियों के बीच शांति और संतोष की भावना को विकसित करने में मदद करना था। सत्र के दौरान प्रेम रावत ने बताया कि अक्सर असंतोष जीवन की चुनौतियों से उत्पन्न होता है। हालाँकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंतरिक शांति और तृप्ति हमारे भीतर ही मौजूद हैं।

इस अवसर पर वीएम पाठक ने जानकारी देते हुए समझाया कि तृप्ति का मतलब परिस्थितियों से समझौता करना नहीं, बल्कि जीवन में जो कुछ भी है उसे खुले दिल से स्वीकार करना है। जब यह समझ विकसित होती है तो आशा स्वाभाविक रूप से पैदा होती है। प्रेम रावत ने कहा कि कठिन समय में आशा ही वह शक्ति है जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। जब कोई व्यक्ति अपने भीतर शांति और संतोष को पहचान लेता है तो वह भविष्य के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है, निराशा को पीछे छोड़ता है और नए अवसरों का स्वागत करता है। उनके अनुसार आशा सिर्फ एक भावना नहीं है बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाली एक शक्तिशाली शक्ति है। यह कार्यक्रम काफी सफल रहा, जिसमें 55 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रेम रावत फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

इस अवसर पर बिंदल चीनी मिल के प्रेसिडेंट शशि गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट जितेंदर मालिक ने फाउंडेशन की टीम को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया और धन्यवाद दिया। मिल के प्रबंधन ने भविष्य में भी इस कोर्स को जारी रखने की योजना पर विचार किया है जो इसकी प्रभावशीलता को दर्शाता है।

यह कार्यक्रम आशा और तृप्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए एक सार्थक और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।

## अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** गत 30 जुलाई को शहर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग युवती के साथ अभियुक्त द्वारा छेडखानी, अभद्र टिप्पणी व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। गत शनिवार को कोतवाली पुलिस ने एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर चलाए अभियान में युवती के साथ छेडखानी, गाली गलौच व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित अभियुक्त राशिद पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला सरव. रपीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## इस्लामिक धर्म गुरु का हुआ निधन, दौड़ी शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी इस्लामिक धर्म गुरु का बीमारी के चलते शामली के निजी अस्पताल में निधन हो गया। सैकड़ो की संख्या में नम आंखों में सुपुर्द ए खाक किया गया। कस्बा निवासी आलिम ए दीन मरहूम हजरत इफ्ताखरुल हसन के परिवार से ताल्लुक इस्लामिक धर्म गुरु वसीम उल हसन काफी दिनों से बीमारी से जूझ रहे थे। जिनका हरियाणा के करनाल में बीते दिनों उपचार हुआ था। परिजनों के अनुसार कई दिन पूर्व उनकी अचानक से तबीयत बिगड़ने पर शामली के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। रविवार को बीमारी के चलते 80 वर्षीय धर्मगुरु का निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नगर एवं क्षेत्र में शौकरू की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर सैकड़ो की संख्या में उनके चाहने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस्लामिक धर्म गुरु ने शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने हमेशा इस्लाम के रास्ते पर चलकर लोगों को दीनी तालीम दी। सैकड़ो की संख्या में नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने नमरू आंखों से गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द ए खाक किया। उनके जनाजा नमाज में दूर दराज से आए इस्लामिक धर्म गुरुओं ने शिरकत की।

# 13 से 15 अगस्त तक भव्य रूप से आयोजित होगा ध्वजारोहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार ने ष्आजादी का अमृत महोत्सवष् के तत्वावधान में 2022 में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

पिछले कुछ वर्षों में, यह राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव के जन–भागीदारी आंदोलन के रूप में एक सफल अभियान बन चुका है। इस हर घर तिरंगा अभियान को वर्ष 2022, 2023 और 2024 के दौरान, 15 अगस्त को पूरे देश में घरों, कार्यालयों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रमुखता से तिरंगा फहराकर, सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। तिरंगे के साथ सेल्फी, प्रभात फेरी, तिरंगा रैलियां द्धबाइक और साइकिल रैलियों सहितऋ, तिरंगा प्रदर्शनियां, और अन्य जमीनी स्तर की जन- भागीदारी जैसी गति. विधियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोहश को देशभक्ति से भरपूर और देश भर में व्यापक रूप से मनाया जाने वाला उत्सव बना दिया है।

यह अभियान जनता के लिए उन स्वतन्त्रता सेनानियों और सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक विशेष अवसर भी है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा और तिरंगे के सम्मान में अपने प्राणों की आहुति दी है।इसी भावना को जारी रखते हुए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार (राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति द्वारा 24 जुलाई, 2025 को अनुमोदित) के सर्कुलर के अनुसार क्रियान्वित किए जाने हेतु पूरे देश में दिनांक 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 की अवधि में तीन चरणों में शहर घर तिरंगा अभियान 2025श आयोजित करने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में चरणबद्ध तरीके से जनपद में कार्यक्रम सुनिश्चित सुनिश्चित किए जाएंगे जिसके लिए प्रथम चरण (दिनांक 02-08 अगस्त 2025)- स्कूलों की दीवारों और बोर्डो को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाना।

संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई प्रदर्शनियों (वेबसाइट www.harghartiranga.com से डाउनलोड कर उपलब्ध) का प्रदर्शन मुख्य कार्यक्रमों के दौरान एवं शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि चिन्हित स्थानों पर किया जाना। स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित करना तथा सैनिकों और पुलिसकर्मियों को आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजना।

सार्वजनिक स्थानों बाजारों को तिरंग रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन करना। द्वितीय चरण (दिनांक 9 से 12 अगस्त 2025)- द्वितीय चरण में तिरंगा महोत्सवश के रूप में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक ही दिन वृहद तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूजिकल परी कॉसर्ट आयोजित किया जाना।

प्रदेश स्तरीय तिरंगा महोत्सव का आयोजन भी होगा। तिरंगा महोत्सव आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर तिरंगा मेला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों स्थानीय उत्पादों, तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/परिधान ध्वस्त्र/श्रंगार सामग्री आदि की बिक्री पर केन्द्रित तिरंगा मेला सरस मेले के समान का आयोजन किया जाना। साथ सुविधा प्रदान करना।

वीआईपी कार्यक्रम के दिन, व्यापक जनभागीदारी के साथ, प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना।

प्रदेश के गृह विभाग पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिकवलों, एन. सी.सी। एनएसएस, सिवल डिफैन्स, होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली औरध्या तिरंगा साइकिल रेली का आयोजन किया जाना। बृहद तिरंगे कपडे के साथ तिरंगा रैलियों यात्राओं का आयोजन किया जाना। ये आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे।

जिनमें स्कूली बच्चों युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। इस हेतु रिकॉर्ड बनाने के प्रयास किए जाएं। तिरंगा और उससे सम्बन्धित वस्तुओं आदि की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरख तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जाना।

प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों, पी.डी.एस. दुकानों, खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जाना।

## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में सास ने बहु पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन थाना क्षेत्र के गांव आबादगढ़ में पारिवारिक विवाद के चलते सास ने बहू पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाभवन क्षेत्र के गांव आबादगढ़ निवासी बिरमति पत्नी ऋषिपाल ने रविवार को अपनी पुत्रवधू पर मारपीट, गाली–गलौज करने, घर से निकालने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़िता बिरमति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुत्रवधू आए दिन बिना कारण के विवाद करती है और परिवार में अशांति फैलाती है। बिरमति का कहना है कि पुत्रवधु ने उसे घर से निकालने की कोशिश की और विरोध करने पर गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। इसके साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। बीरमति का कहना है कि वह उसके पुत्र के समझाने पर उसका कहना भी नहीं मानती और उनके खिलाफ थाने में झूठी तहरीर देती रहती है। वीरमति को डर है कि वह जंगल में अकेली जाती है कभी झूठे मामले में उनको, कही फसा ना दे। बिरमति ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गांव लौट रहे युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी 26 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र सतपाल सिंह पर शनिवार की देर रात उस समय कुछ युवकों ने हमला कर दिया गया जब वह शामली से अपने गांव लौट रहा था। सोनू कुमार शामली में एक कंप्यूटर की दुकान पर कार्य करता है। सोनू कुमार ने बताया कि जैसे ही वह पास के गांव महमूदगढ़ के तालाब के पास पहुंचा, तभी कुछ अज्ञात युवकों ने उसे घेर लिया और शोर मचाकर उस पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल सोनूकुमार किसी तरह जान बचाकर अपने गांव पहुंचा और परिजनों के साथ थानाभवन थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। परिजनों के साथ पहुंचे सोनू कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण करवाते हुए जांच शुरू कर दी है बताया जा रहा है कि क्षेत्र में हाल ही में ड्रोन उड़ने और चोरी की अफवाहों के चलते ग्रामीण रात्रि में पहरा दे रहे हैं। इसी भ्रम में जिले के कई स्थानों पर निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ित सोनूकुमार के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ ऐसी अनहोनी घटना न हो। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है थाना प्रभारीनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया तहरीर के आधार पर घायल का मेडिकल कराकर मुकदमा पंजीकृत करा दिया है जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी को उन्होंने क्षेत्र में अफवाहों को लेकर लोगों से सतर्कता एवं संयम बरतने की अपील की गई है।

### पति की शर्मनाक करतूत, पत्नी को मारपीट कर घर से निकला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न करने के साथ ही मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी विवाहिता वसीमा पत्नी आदिल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता की शादी कई वर्ष पूर्व आदिल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पीड़िता का पति अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़िता का दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। आरोप है कि शनिवार की रात्रि में पीड़िता के पति ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ रविवार को थाने पहुंचकर पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### ट्रेन से गिरकर राहगीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाभवन के कस्बा जलालाबाद निवासी वसीम पुत्र सगीर किसी कार्य से दिल्ली गया हुआ था। रविवार को वसीम अपना कार्य समाप्त कर ट्रेन में बैठकर अपने घर जा रहा था। बताया जा रहा है की ट्रेन में सवार व्यक्ति वसीम ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था ट्रेन चलने के बाद दरवाजे पर बैठे व्यक्ति के पैर रेलवे ट्रैक पर लगे पोल से टकरा गए संतुलन बिगड़ने पर उक्त व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेन में सवार राहगीरों ने ट्रेन की चेन खींच कर ट्रेन रूकवाई और हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर एंबुलेंस विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल प्रभाव से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पति व दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग निवासी एक महिला एक सप्ताह पूर्व अपने प्रेमी के साथ अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर फरार हो गई थी। पीड़ित पति ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। फरार महिला थाने पर पहुंची और अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अडी रही मामला चर्चा का विषय बना रहा। थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग निवासी एक विवाहित महिला अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर झिंझाना निवासी युवक अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर अपनी पत्नी के लापता होने की सूचना पुलिस को देकर बरामद करने की गुहार लगाई थी। रविवार को फरार महिला थाने पर पहुंची महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती। विवाहिता महिला अपने प्रेमी कस्बा झिंझाना निवासी युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। पति सहित परिजनों के द्वारा घंटों समझाने के बाद भी महिला प्रेमी के साथ जाने की जिद करती रही। महिला का मामला नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

### सामूहिक पूजन व भंडारा सम्पन्न

**धामपुर।** श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी, खारी कुआं की ओर से 41वां वार्षिक सामूहिक पूजन कार्यक्रम एवं विशाल भंडारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मुनि विद्यानंद जैन कन्या पाठशाला परिसर में किया गया, जिसमें नगर और आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक पूजन से हुई। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर गूंजते भोलेनाथ के भजन और पारंपरिक जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कमेटी अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका, महासचिव सुशील माहेश्वरी एवं कोषाध्यक्ष सौरभ मालपानी के निर्देशन में समिति सदस्यों ने सेवा कार्यों का सफल संचालन किया। पूजन में भाग लेने वालों में शरद कौशिक, संजय जैन, तरुण शर्मा, संजय अग्रवाल (बढ़ापुर), डॉ. ईश्वर चंद शर्मा, अमित रस्तोगी, विजय जैन, अनमोल गुप्ता, दीपक कुमार जैन, मनोज गोयल आदि रहे।

# डीएम ने जेवर का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने जल निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए आज फोन पर शिकायत आने पर ग्राम रन्हैरा स्थित पथवाये नाले पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धीमे चल रहे पुलिया निर्माण कार्यों पर नारा. जगी जताई व जल्द कार्य को पूर्ण निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने हेतु निर्देशित दिए ताकि गाँव वालों को दिक्कत नहीं हो बारिश में विशेष रूप से । जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने जल निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए आज जेवर तहसील अंतर्गत ग्राम मॉडलपुर जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम वासियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया गांव में जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण बरसात के मौसम में पानी जमा हो जाता है। जिससे दैनिक जीवन प्रभावित होता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में जल निकासी के लिए आवश्यक निर्माण कार्य एवं अन्य सभी जरूरी कदम तत्काल प्रभाव से उठाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार, सहायक विकास अधिकारी आलोक रंजन, सिंचाई विभाग के अधिकारी गण एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।





# लगातार दूसरे दिन पानी नहीं मिलने से टूटा सब्र, किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इकोविलेज-1 सोसाइटी में रविवार को दूसरे दिन भी पानी की समस्या बरकरार रही। पानी नहीं आने पर निवासियों का सब्र टूट गया। छुट्टी के दिन निवा. सियों ने आईआरपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सोसाइटी के मुख्य गेट पर नारेबाजी कर मेंटेनेंस एजेंसी ग्रेविटी को हटाने की मांग की। निवासियों ने आरोप लगाया कि ग्रेविटी एजेंसी सोसाइटी के 6500 परिवारों को सुविधाएं देने में विफल साबित हो रही है। एजेंसी को यहां रहने का हक नहीं है।

प्रदर्शन कर रहे सोसाइटी निवा. सियों ने बताया कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। लाखों रुपये देकर बाल्टियों से फ्लैट में पानी ले जाना पड़ रहा है। सोसाइटी में शुक्रवार रात से पानी की समस्या बनी हुई है।

शनिवार को भी लोगों को सोसाइटी में पानी के किल्लत का सामना करना पड़ा। निवासी संजय शर्मा ने बताया कि पानी के टैंकर से अंडरग्राउंड वॉटर टैंक को भरा गया, लेकिन उससे लोगों की जरूरतों की पूर्ति नहीं हुई। निवासी घरों से बाल्टी लेकर टैंकर के पास पहुंचे और उसे भर कर ले गए। मामले में ग्रेविटी एजेंसी का पक्ष जानने के लिए पदाधिकारियों को फोन लगाया गया। बार-बार प्रयास के बाद भी एजेंसी की ओर से उत्तर नहीं दिया गया।

**विरोध में बंद किया दरवा. जा:** निवासियों ने बताया कि शनिवार रात को पानी नहीं आने पर उन्होंने मुख्य गेट नंबर एक बंद कर दिया। जिससे सोसाइटी में आना-जाना बंद हो गया। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी के 10 से अधिक टावरों में पानी नहीं आ रहा है। मेंटेनेंस एजेंसी की ओर से टैंकर भी पर्याप्त नहीं मंगाए जा रहे हैं। वहीं आरोप है कि रविवार दोपहर का सोसाइटी में बिल्डर प्रबंधन द्वारा कोई भी टैंकर नहीं मंगाए गए। जिससे लोग परेशान हो गए। वहीं, छुट्टी के दिन होने के कारण पानी की खपत अधिक होती है।

# औद्योगिक सेक्टर में जमीन आवंटन की दिक्कत दूर होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में कंपनियों को जमीन आवंटित करने और सड़क निर्माण में आ रही दिक्कतें जल्द दूर होंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अनिवार्य अधिग्रहण के तहत बाकी बची जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू की है। जमीन अधिग्रहन के बाद सेक्टर के चारों तरफ 60 और 80 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण, पेयजल पाइप लाइन और विद्युत उपकेंद्र बनाए सहित अन्य जरूरी कार्य किए जाएंगे। प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनपुरा, खेड़ी और धूममानिकपुर गांव की लगभग 112 एकड़ में जमीन पर सेक्टर इकोटेक-16 विकसित किया जा रहा है।

इसमें सुनपुरा गांव की 20.48 हेक्टेयर, खेड़ी गांव की 6.9 हेक्टेयर व धूममानिकपुर गांव की 18.05 हेक्टेयर जमीन शामिल है। इस सेक्टर के कुल 7 भूखंडों में से 25-25 एकड़ के दो भूखंड अवाडा कंपनी को आवंटित किए जा चुके हैं। सेक्टर की पूरी जमीन अब तक अधिग्रहीत नहीं की जा सकी है। बाजार दर के मुकाबले मुआवजा दर काफी कम होने की वजह से किसान जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में सड़क, बिजली और पेयजल पाइप लाइन जैसी जरूरी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े काम शुरू करने में दिक्कत आ रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्राधिकरण शेष जमीन का अनिवार्य अधिग्रहण करेगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सेक्टर की शेष बची जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए अनिवार्य अधिग्रहण का सहारा लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अब तक 38.1053 हेक्टेयर जमीन प्रभावित किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा चुकी है। सड़क के हिस्से की जमीन प्राधिकरण के कब्जे में न होने की वजह से सड़क का काम शुरू नहीं हो पा रहा है।

> औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में संबंधित विभागों द्वारा मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का काम शुरू कर दिया गया है। सेक्टर के लिए आरक्षित पूरी जमीन का अधिग्रहण न होने की वजह से दिक्कत आ रही है। इसके लिए बाकी बची जमीन का अनिवार्य अधिग्रहण किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
>
> **गिरीश कुमार झा, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी अवाडा:** बीते महीने प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सेक्टर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था। सड़क का निर्माण करने के निर्देश दिए थे। इस सेक्टर में सोलर कंपनी अवाडा को 50 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। सोलर कंपनी अवाडा इकोटेक- 16 में 3000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी यहां सोलर पैनल और इससे संबंधित अन्य उपकरणों का निर्माण करेगी। इससे हरित ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

**उत्कृष्टता केंद्र और अनुसंधान पर जोर:** अवाडा कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई परियोजना रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी उत्कृष्टता केंद्र और अनुसंधान पर जोर देगी। एकीकृत सौर विनिर्माण इकाई स्थापित की जाएगी।

# खिलौना बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-वन क्षेत्र में स्थित में एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। इस फैक्ट्री में खिलौना बनाया जाता है। फैक्ट्री में मौजूद प्लास्टिक के मटेरियल में आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर थाना पुलिस और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया । आग किस वजह से लगी है अभी इसका पता नहीं चल सका है। इस आग में जलने की संभावना जताई जा रही है। रविवार को फैक्ट्री में छुट्टी होने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगाने के कारणों की पुलिस जांच - पड़ताकर रही है।

जिस फैक्ट्री से घुआ निकला वह सी-72, सेक्टर-3 में स्थित है। इससे निकलने वाले धुएं को देख लोगो ने फायर बिग्रेड दी, सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया करीब 4 बजे सी-72, सेक्टर-3 में अचानक आग लगाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि यह फैक्ट्री योगेश पुत्र ओमप्रकाश की है। इस फैक्ट्री में खिलौना बनाने का काम होता। आज रविवार होने के कारण फैक्ट्री बंद थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल की गाडियों ने एक घंटे के भारी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, संभवत आग शार्ट सर्किट के कारण लगी हो। इस हाद्से में किसी के घायल होने की सूचना नही है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच और नुकसान का आकलन आग को पूरी तरह बुझाने के बाद किया जायेगा।

# महिला चिकित्सक का मोबाइल लूटा

**नोएडा।** भारद्वाज अस्पताल के पास महिला का मोबाइल लूटकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गया। महिला को धक्का देकर नीचे गिराने का भी प्रयास किया। घटना एक जुलाई की है। पीड़ित ने सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी है। सेक्टर-37 स्थित शशिकांत एंकलेव सोसाइटी निवासी डा.संगीता शर्मा ने पुलिस को बताया कि एक जुलाई को सुबह 11 बजे वह भारद्वाज अस्पताल से निकलकर गंगा शॉपिंग कांप्लेक्स की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से एक बाइक सवार आया और शिकायतकर्ता महिला का झपटकर तेजी से फरार हो गया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए, तब तक बदमाश भाग चुका था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### कॉलेज को भेजे गए ई-मेल की जांच होगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटेक की छात्रा खुशबू के आत्महत्या मामले में पुलिस कॉलेज को भेजे गए ई-मेल की जांच में जुटी है। इसमें यह पता लगाया जाएगा कि छात्रा ने जो ई-मेल भेजा था, वह केसीसी कॉलेज को मिला था कि नहीं। यदि मिला था तो जवाब दिया या नहीं। इस मामले में पुलिस मोबाइल, लैपटॉप और रजिस्टर की जांच भी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जांच के बाद कुछ अहम जानकारी मिल सकती है। सेक्टर सिग्मा चार स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू ने पिछले सप्ताह मंगलवार की रात अपने कमरे में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली थी।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि घटना के दिन छात्रा ने मोबाइल से अपने दोस्त को मैसेज किया था। इसके अलावा लैपटॉप से कुछ ई-मेल किए गए हैं। रजिस्टर में भी घटना से जुड़ी कुछ जानकारी लिखी गई है। बीटा-2 कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट 15 दिन बाद भी नहीं आई शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस की छात्रा के आत्महत्या के मामले की जांच कर रही आंतरिक जांच समिति 15 दिन बाद भी अपनी रिपोर्ट पुलिस को नहीं सौंप पाई है। जबकि, समिति की ओर से जांच के लिए महज पांच दिन का वक्त मांगा गया था।

### भंगेल सीएचसी में सिजेरियन डिलीवरी शुरू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भंगेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा फिर शुरू कर दी गई है। फ्यूमिगेशन के कारण यह सुविधा कुछ दिनों के लिए बंद कर दी गई थी। अब महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर नहीं करना पड़ेगा।

नए भवन में जच्चा-बच्चा अस्पताल शुरू हो गया है। इसके चलते साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को परिसर में ही स्थित पुरानी बिल्डिंग में दोबारा स्थानांतरित कर दिया गया है। कुछ समय के लिए अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में अन्य विभागों को अस्थायी रूप से स्थान दिया गया था। इसके बाद अस्पताल में फ्यूमिगेशन की प्रक्रिया की गई। फ्यूमिगेशन का उपयोग संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि ऑपरेशन थिएटर और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कीटाणुमुक्त वातावरण बना रहे। केंद्र के प्रभारी डॉ. यतेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ समय से बंद पड़ी सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा अब शुरू कर दी गई है।

### 24 करोड़ की ठगी के आरोपी की जमानत खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सत्र न्यायालय ने जेवर में एयरपोर्ट के समीप जमीन दिलाने के नाम पर 24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत खारिज की है। पीड़ित गौरव शर्मा ने थाना सेक्टर-63 नोएडा में वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमें 16 नामजद और कुछ अज्ञात पर धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने व जालसाजी के आरोप लगाए थे। पीड़ित का आरोप है कि जालसाजों ने खुद को जमींदार और रसूखदार बताकर-2022 में उसे व अन्य निवेशकों को 100 से 200 बीघा जमीन का सौदा कराया था। पीड़ित ने 24 करोड़ रुपये का निवेश किया था। मार्च से जुलाई 2022 के बीच करीब 24 बैनामे पंजीकृत कराए गए थे जिनमें बाद में जालसाजी और फर्जीवाड़े के सबूत सामने आए। जमीन असल में अस्तित्व में ही नहीं थी और राजस्व अभिलेख, टाइटल व अन्य दस्तावेज भी नकली साबित हुए।

पुलिस जांच में सामने आया कि सचिन भाटी और रविन्द्र शर्मा ने ही प्रमुख रूप से इन सौदों के लिए पैसे लिए और रसीदें व्हाट्सएप पर भेजीं। रविन्द्र शर्मा की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि एफआईआर लगभग दो वर्ष बाद दर्ज कराई गई जिसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई गई। आरोपी न तो विक्रेता था न गवाह और न उसने कोई आर्थिक लाभ उठाया। मामला असल में सिविल प्रकृति का है। आरोपी को झूठा फंसाया गया है। वहीं अभियोजन ने कहा कि आरोपी ने अन्य आरोपियों के साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी की। उन्होंने पीड़ित को ऐसी जमीन का सौदा कराया जो असल में उपलब्ध नहीं थी। आरोपी की भूमिका इस धोखाधड़ी में मुख्य आरोपियों के समान है जिनकी जमानत पहले जमानत खारिज हो चुकी है। वहीं, अदालत ने पुलिस जांच और उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए आरोपी की जमानत खारिज की है।

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**नोएडा।** सेक्टर-57 में तेज रफ्तार वाहन के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया गया है। दिल्ली के कोंडली निवासी विनोद कुमार नोएडा की एक फैक्टरी में काम करते हैं। वह शनिवार को सेक्टर 57 की लाल बत्ती चौराहे से होते हुए घर जा रहे थे। बत्ती के पास अज्ञात वाहन का चालक पीछे से तेजी से आया और विनोद की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विनोद दूर जाकर गिरे और सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की मदद से घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना उसके परिजनों को दी गई।

# चोरी की बाइक के साथ बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले बदमाश को सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने रविवार को सेक्टर-62 के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की बाइक और चाकू बरामद हुआ है। बरामद बाइक आरोपी ने बीते सप्ताह सेक्टर-14 से चोरी की थी। बदमाश की पहचान शाहजहांपुर के जैतीपुर निवासी शिवा सिंह के रूप में हुई है। पुलिस 21 वर्षीय शिवा का आपराधिक इतिहास पता कर रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए वह अपने पास चाकू रखता है। शिवा के अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# एवियर कॉलेज में भावनाओं और उमंग से सजा विदाई समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज के द्वारा 2025 सत्र के ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हुए छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर कनिका सिंह, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमरेश कुमार, डीन डॉ अभिषेक स्वामी व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

डायरेक्टर कनिका सिंह ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि एवियर कॉलेज हमेशा छात्रों के साथ जुड़ा रहेगा व हर मोड़ पर सहयोग के लिए खड़ा रहेगा। डीन डॉ अभिषेक स्वामी ने कहा कि संस्थान के कई छात्र छात्राएं एक अलग मुकाम हासिल कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं ऐसी ही उम्मीद सभी छात्र छात्राओं से है। साथ ही उन्होंने ग्रेजुएट छात्रों को मास्टर्स करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर विभिन्न डिपार्टमेंट के सीनियर छात्रों ने कॉलेज में बिताए पिछले 3 साल के अनुभवों को साझा किया। जूनियर छात्रों ने संस्थान से विदा हो रहे छात्रों के लिए कई रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत-संगीत,कॉमेडी,फैशन शो कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रोफेसर ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और करियर में सफलता के नए सोपान चढ़ने के लिए कई सीखें दी।

इस कार्यक्रम में श्वेता को मिस फेयरवेल, हर्ष को मिस्टर फेयरवेल चुना गया और साथ ही रौनक, सचिन, मिष्टी व गौरव को बेस्ट वॉक, एनर्जी, ड्रेस और स्माइल के टाइटिल मिले।

# किसानों ने की आवासीय प्लॉट और अतिरिक्त मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** किसानों के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आवासीय प्लाट, अतिरिक्त मुआवजा, जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण, लीज बैक शिफ्टिंग जल्द दोनों आदि मुद्दों को लेकर भाकियू लोक शक्ति का रौनीजा गांव के पास अनिश्चित कालीन धरना छठे दिन रविवार को भी जारी रहा। इसमें महिलाएं भी शामिल रही।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह ने कहा कि सेक्टर 22ई यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में पीने के पानी को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल दोहन होता रहा तो क्षेत्र के लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या आ जाएगी।

उन्होंने कहा कि एक तरफ भूजल संरक्षण हेतु सरकार द्वारा धान की खेती पर रोक लगाई जा रही है और गांव-गांव में तालाब खुदवाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमकर जलदोहन हो रहा है। चेता. वनी दी कि यदि प्रशासन ने जल दोहन पर रोक नहीं लगाई तो सोमवार के बाद प्रतिदिन संगठन के लोगों द्वारा रोक लगाई जाएगी। धरना स्थल पर अहमद खा, गजब गॉड, उदयभान मलिक, लाखन सिंह, अशोक तोमर, सुनील पंडित, टीकम सिंह, मूली पंडित, धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश, ज्ञानचंद, राजन सिंह, बिंटू ,श्याम सिंह, सिब्बू मुखिया, विजयपाल सिंह, कुम. रवती, बिजानवती, कमलेश देवी, विमला देवी, गुड्डी देवी, मंजू पूनम देवी, संतोष देवी, अनीता, श्रृंगार देवी आदि रहे।

# सेक्टर-46 और 99 के बीच सड़क बनाने का काम तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-46 और 99 के बीच सीधी 45 मीटर सड़क बनाने के लिए प्राधिकरण ने काम तेज कर दिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि यहां पर लगातार काम चलेगा। अगले 15 दिनों में सड़क के निर्माण को पूरा करा लिया जाएगा। अतिक्रमण के चलते पिछले लंबे समय से इस सड़क का निर्माण रूका हुआ था। दो दिन पहले ही प्राधिकरण ने यहां से अतिक्रमण हटवाया था। इस सड़क के बीच में कई वर्षों से सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर के पास कुछ स्थायी व अस्थायी दुकानें व नर्सरी बनी थी। जिसे प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त कर दिया। अब यहां सड़क के निर्माण के लिए काम जारी है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार यहां 45 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। यहां पर करीब 65 मीटर की सड़क जमीन न मिलने के चलते अधूरी पड़ी हुई थी। जिसे अब प्राधिकरण पूरा करायेगा। इस सड़क के बनने से वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। अभी सेक्टर-49 के चौराहे से जाने वाला और सेक्टर-48 व 46 का ट्रैफिक वोडा महादेव मंदिर के पास से बाएं मुड़कर प्रतीक एडिफिस सोसाइटी के सामने सेक्टर-100 ट्रैफिक सिग्नल और आगे फिर हाजीपुर चौराहा ट्रैफिक सिग्नल होकर निकलता है। यह सड़क बन जाने के बाद वाहन सीधे सेक्टर-46-100 के बीच से सेक्टर-99 के लिए आ-जा सकेंगे।

# चार दिन से लापता युवती मिली

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। युवती चार दिन पहले अपने घर से लापता हो गई थी। परिवार के अनुसार, युवती ने अपने परिजनों के खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें बेहोश किया और फिर घर से फरार हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो परि. जनों ने रबूपुरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिवार ने एक किरायेदार युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को युवती को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, दस्तावेजों की जांच से पता चला है कि युवती बालिग है।

# किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त पहुंची किसानों के खाते में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। 20500 करोड़ रुपये की राशि देश के लगभग 10 करोड़ किसानों के खातों में सीधे स्थानांतरित किया।

आज देशभर के करोड़ों किसानों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वाराणसी से लाइव माध्यम के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने 20500 करोड़ रुपये की राशि को सीधे लगभग 10 करोड़ किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया, जिससे किसानों को राहत और आत्मनिर्भरता की नई दिशा मिली।

इस कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा नोएडा ओमवीर अवाना के नेतृत्व में फूल मंडी, सेक्टर 88, नोएडा में बड़े पैमाने पर लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में जिले के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष महेश चौहान रहे। लाइव संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि देश का अन्नदाता समृद्ध होगा तभी भारत सशक्त बनेगा। हमारी सरकार का यह प्रयास है कि किसानों को सीधी आर्थिक सहायता मिले और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो। किसान सम्मान निधि योजना उसी सोच का परिणाम है। यह योजना न सिर्फ किसानों की सहायता करती है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर भी बनाती है।

प्रधानमंत्री जी ने आगे यह भी कहा कि देश के किसानों को तकनीक से जोड़ना, सॉयल हेल्थ कार्ड, ड्रोन तकनीक और न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था में पारदर्शिता लाना हमारी प्राथमिकता है। भारत के किसान आज नवाचार के वाहक बन रहे हैं।



किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान जी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों को उनके हक का पैसा सीधे उनके अकाउंट में भेजा जा रहा है जिसमें बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर दिया है और एक स्वच्छ एवं पारदर्शी व्यवस्था को लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसान सम्मान निधि योजना, किसानों के आत्मबल और आत्मनिर्भरता की मिसाल है। इस योजना से किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिलती है, जिससे उनकी खेती और जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आता है। भाजपा सरकार, श्गांव, गरीब और किसानश की सच्ची हितैषी है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस योजना से उन्हें निरंतर आर्थिक संबल मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा अमित त्यागी, घनश्याम यादव, डिप्टी डायरेक्टर मंडी समिति मेरठ राजीव राय, मंडी सचिव पंकज शर्मा, इंद्राज खटाना प्रधान , रोहित शर्मा, दुर्गेश तंवर, सुरेश चौहान, उमेश भाटी, राकेश सिंह, देवेंद्र भदोरिया ,अतुल त्यागी,मांगेराम शर्मा, सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी किसान उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# करंट से झुलसी बच्ची ने सवा माह बाद तोड़ा दम

**अपने मां बाप की इकलौती संतान थी सना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** बीती 28 जून को करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलसी 11 साल की एक बच्ची मेरठ के एक निजी अस्पताल मे उपचार के दौरान आखिरकार जिंदगी की जंग हार ही गयी। बीती 02 अगस्त की सायं 03 बजे बच्ची ने दम तोड दिया। सवा महीने बाद बच्ची की मौत हो जाने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक बच्ची अपने मां बाप की इकलोती संतान थी। मौहल्ले में भारी शोक है। लोगों ने प्रशासन से पीडित को मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पटी लुहसाना रोड निवासी नौशाद कस्सार के घर के समीप ही हाइटेंशन विद्युत लाइन लगी हुई है। बीती 28 जून को विद्युत लाइन में अचानक आकाश में कटी हुई एक पतंग फंस गयी। जिसको निकालने के उद्देश्य से नौशाद की करीब 11 साल की पुत्री सना कस्सार अपने घर की छत पर चढी तो वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गयी तो उसको जोरदार का करंट लगा। जिसमें वह बुरी तरह झुलस गयी। शोर शराबा होने पर परिजनों ने जैसे तैसे करके मौके पर आए मौहल्ले के लोगों की सहायता से नीचे उतारा और उसे मौहल्ले के एक चिकित्सक को दिखाया तो उसने बच्ची को मेरठ ले जाने को कहा। तब बच्ची सना को परिजन मेरठ लेकर पहुंच गये और एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां पर उसका एक माह तक उपचार चला तो बच्ची काफी हद तक ठीक हो गयी।

परिजन बच्ची को घर पर ले आए। जहां पर बीते कल सुबह उसकी तबियत अचानक से बिगड गयी और उसने एक निजी चिकित्सक के यहां पर उपचार के चलते बीती सायं 03 बजे दम तोड दिया। जिसको लेकर परिजनों में को. हराम मच गया। बच्ची अपने मां बाप की इकलोती संतान थी। बीती देर रात 12 बजे के आसपास बच्ची को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। बच्ची सना की मौत की खबर पर मौहल्ले में भी भारी शोक व्याप्त है। मौहल्ले के लोगों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## युवक की चाकू मारकर की हत्या

**जानसठ।** गांव भलेडी में 2 दिन पूर्व एक युवक ने पड़ोसी युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।तो वही उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया है। गांव भलेडी निवासी मृतक विपिन की पत्नी प्रीति ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया, कि 2 दिन पूर्व रात्रि करीब 9 बजे गांव का ही मोनू पुत्र सुधीर गांव के ही तीन-चार अन्य युवकों के साथ घर पर आया और मेरे पति को अपने साथ बुलाकर ले गया। रविवार की सुबह उपचार के दौरान विपिन की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देते हुए नाम जद विपिन एवं उसके साथ अन्य तीन-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की मांग की है। कार्यवाही की मांग को लेकर थाने में मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों की दिन भर भीड़ जमा रही।

# कूड़ा लेकर पहुंची कंपनी की टीम का घेराव

## विरोध में रुड़की रोड स्थित एमआरफ सेंटर कराया बंद, दिया धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका के गीला और सूखा कूड़ा अलग करने के सरकार के प्रोजेक्ट के रूप में चलवाये जा रहे मल्टी रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर के संचालन को लेकर विवाद गहरा गया है।

रविवार को सुबह कूड़ा लेकर एमआरएफ सेंटर पहुंची जेएस एनवायरो सर्विसेज की टीम का स्थानीय लोगों ने घेराव करते हुए हंगामा किया तो वहीं एमआरएफ सेंटर का रास्ता भी बंद कर दिया। इसी बीच किसान संगठन के लोग भी यहां पहुंचे और लोगों के साथ धरना शुरू करते हुए एमआरएफ सेंटर नहीं चलने देने की चेतावनी दी। मामले में घंटों तक हंगामा चलता रहा।

नगरपालिका परिषद् के द्वारा शहर के रुड़की चुंगी वार्ड 15 के अन्तर्गत एकता विहार में दो एमआरएफ सेंटर स्वच्छ भारत मिशन योजना में स्थापित कराये हैं। इनमें से एक एमआरएफ सेंटर चलाया जा रहा है। शहर में कूड़ा उठान और निस्तारण के लिए पालिका द्वारा जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. नई दिल्ली से तीन साल का अनुबंध किया है। कंपनी को ही एमआरएफ सेंटर भी चलाकर गीला और सूखा कूड़ा अलग करते हुए निस्तारण कराना है। कंपनी ने रुड़की चुंगी का एमआरएफ सेंटर चलवाना भी शुरू कर दिया था। कांवड़ यात्रा के दौरान इसको सुचारू नहीं रखा गया। अब कंपनी के लोग फिर से यहां पर सेंटर संचालन के लिए कूड़ा लेकर पहुंचे थे, इसी बीच स्थानीय लोगों ने कूड़ा नहीं पहुंचने दिया और प्रदर्शन करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ऑपरेशन नितेश चौधरी ने बताया कि वो रविवार सुबह दस गाड़ियों से सूखा कूड़ा लेकर एमआरएफ सेंटर पहुंचे थे, तो लोगों के द्वारा सेंटर की ओर जाने वाला रास्ता ही बंद कर दिया था। महिला और पुरुषों की भीड़ ने पूरी टीम को घेर लिया और विरोध शुरू कर दिया।

इसी बीच भारतीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। चेतावनी दी कि एमआरएफ सेंटर चलने नहीं दिया जायेगा, इससे यहां पर गन्दगी के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ेगा। हंगामे और विरोध की जानकारी मिलने पर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने तत्काल ही अधिकारियों को अवगत कराया और कुछ ही देर में रुड़की चुंगी चौकी इंचार्ज एसआई नीरज कुमार फोर्स के साथ पहुंचे।

उन्होंने भी लोगों से वार्ता कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा जारी रहा। ईओ डॉ. प्रज्ञा ने बताया कि कांवड़ यात्रा के पूर्व से ही कंपनी एमआरएफ सेंटर का संच. ालन कर रही है, कांवड़ यात्रा में यहां भीड़ बढ़ जाने के कारण एमआरएफ सेंटर का संचालन सुचारू नहीं हो पाया और वहां कूड़ा ज्यादा दिन पड़ा रहा। इससे लोगों में रोष है। कांवड़ यात्रा के बाद कंपनी सेंटर नहीं चला रही थी, कंपनी को नोटिस देकर जवाब मांगा गया था। इसी बीच रविवार को अचानक कंपनी के लोग कूड़ा लेकर पहुंच गये।

ईओ ने बताया कि स्थानीय लोगों से वार्ता की गई, सोमवार को इस मामले में वार्ड के लोगों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है। आपसी सहमति बनाकर सेंटर का संचालन शुरू करेंगे।



मुजफ्फरनगर : एमआरएफ सेन्टर पर हंगामा कर रहे लोगों को समझाते टीम के लोग।



मुजफ्फरनगर : कूड़े का विरोध करते हुए लोगों ने दिया धरना।

# योगी की मण्डलीय समीक्षा में पास होने की जद्दोजहद में लगे रहे अफसर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर में मण्डलीय समीक्षा बैठक करने आ रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समीक्षा बैठक के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों से भी वार्ता करेगे।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर दिन भर अफसर विकास कार्यो की समीक्षा करने में लगे रहे। पुलिस महकमे के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी समीक्षा बैठक में पास होने की जद्दोजहद करते दिखाई दिए। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के बावुजूद भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों में लगे रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहारनपुर में सोमवार को तीन घंटे से अधिक रूकेगे और इसके बाद समीक्षा कर वह वापस लौट जाएगे, हालांकि पहले मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम का भी कार्यक्रम था, लेकिन बाद में यह बदला गया अब मुख्यमंत्री मण्डलीय समीक्षा करने के लिए सहारनपुर में आएगे और उनके साथ-साथ जन प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।

# कलाल महासभा ने बच्चों को समझाया शिक्षा का महत्व

**अलंकरण समारोह में किया मेधावियों का सम्मान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलाल महासभा ने ष्मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया।

गांधी कॉलोनी, पचैंडा रोड स्थित बारात घर में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ध्रुवपाल अहलूवालिया एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में कलाल समाज के उन 25 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षा, प्रतियोगी



परीक्षाओं व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया। समारोह के माध्यम से युवा वर्ग को एकजुट कर सामाजिक एकता, समरसता एवं जागरूकता का संदेश दिया गया।

यह सम्मेलन समाज को शिक्षित, संगठित एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास सि) हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि ध्रुवपाल अहलूवा. लिया, शशि वालिया, संजय कर्णवाल (सहारनपुर), वेदप्रकाश कर्णवाल (संरक्षक), केके जयसवाल, आत्माराम पंवार, राकेश कर्णवाल बिजनौर, रामकुमार वालिया पूर्व मंत्री दिल्ली, विजय कर्णवाल (संस्थापक), प्रमोद कर्णवाल (अध्यक्ष), रिषीराज राही (महामंत्री), राजेश कर्णवाल (कोषाध्यक्ष) को पटका पहनाकर सम्मान किया गया। संचालन शैलेन्द्र कर्णवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे भोपा निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय सुरेश कुमार अहलूवालिया के सुपुत्र ध्रुव पाल अहलूवालिया ने अपने कैरियर की शुरुआत प्रोफेसर के रूप में की और उसके पश्चात प्रशासन एवं शासन में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्रुवपाल अहलूवालिया ने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ी पूंजी है, मेधावी छात्र-छात्राओं को इस बात को समझना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिक एवं युवा वर्ग की उपस्थिति ने आयोजन को गौरवपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर राजीव कर्णवाल, नेहा, नानकचंद कर्णवाल, योगेश कर्णवाल, रोहतास कर्णवाल एडवोकेट, विकास कर्णवाल, रामकुमार कर्णवाल, सुनील कर्णवाल, सन्नी कर्णवाल, अनिल कर्णवाल किला, विनय वालिया, योगेश कर्णवाल, दिनेश कर्णवाल, मोहित कलाल कोटद्वार, केतन कर्णवाल (मीडिया प्रभारी), अमित वालिया भोपा, अरुण वालिया, संजय कर्णवाल, सुख-चैन वालिया शामली, हरीश चंद्र कर्णवाल, राकेश कर्णवाल दिल्ली, रमन, शैलेश, सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# गन्ने की फसल के पैसे मांगने मायके पहुंची महिला की पिटाई

**पीड़िता ने थाने का दरवाजा खटखटाते हुए मांगा इंसाफ**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** गन्ने की फसल के पैसों को लेकर मायके पहुंची एक महिला को अपना हक मांगना महंगा पड़ गया। अपने हिस्से का पैसा मांगने पर महिला को न केवल अपशब्द सुनने पड़े, बल्कि उसके ही भाई और भतीजे ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी और घर से निकाल दिया।

मामले ने तूल पकड़ा तो पीड़िता ने थाने का दरवाजा खटखटाया, जहां पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने आरोप लगाया है कि भाई और भतीजे ने न केवल उसे लाठी-डंडों से पीटा, बल्कि गाली-गलौच कर घर से भी भगा दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना 26 जून की बताई जा रही है। मीनाक्षी पत्नी ऋतुराज सिंह निवासी बचन सिंह कॉलोनी, अपने पति के साथ अपने मायके कूकड़ा गांव गई थीं। वहां उन्होंने पिता चतर सिंह से गन्ने की फसल में अपने हिस्से का पैसा मांगा। मीनाक्षी का आरोप है कि इस पर उसका भाई मिन्टू और भतीजा अर्पित आगबबूला हो गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने मारपीट के दौरान अशब्दों का प्रयोग किया और महिला को घर से निकाल दिया।

मीनाक्षी ने आरोप लगाया कि उसके हिस्से का पैसा हड़प लिया गया है और जब उसने उसका हक मांगा तो उसे अपमानित कर पीटा गया। पीड़िता की तहरीर पर थाना नई मंडी पुलिस ने आरोपी मिन्टू और अर्पित के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। थाना नई मंडी प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कंटेनर की टक्कर से कार सवार घायल

**छपार।** बरला देवबंद मार्ग पर एक कंटेनर ने सामने से आ रही एक स्विफ्ट कर में टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और चालक को मामूली चोट आ गई। चालाक कंटेनर छोड़कर भाग गया। जनपद हरिद्वार के थाना मंगलौर के गांव मुडलाना निवासी प्रवीण कुमार अपनी कार से थाना देवबंद के गांव बाबूपुर नगली जा रहा था। जब वह बरला बिजली घर के निकट पहुंचा तो सामने से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार चालक को भी मामूली चोटें लगी। चालक कंटेनर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में कर घायल का उपचार कराया। घायल युवक ने अज्ञात कंटेनर चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

# एससी के प्रमाण पत्र जारी न किए जाने पर धरना जारी

**28 जुलाई से कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रहे समाज के लोग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** अनुसूचित जाती के प्रमाण पत्र जारी न किए जाने के विरोध में कोरी समाज का धरना कलेक्ट्रेट में रविवार को भी जारी रहा। समाज के लोगों का कहना है कि प्रशासन उनकी बार-बार की अपील के बावजूद उन्हें अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहा, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं, आरक्षण और अन्य लाभों से वंचित होना पड रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने के बावजूद उनकी फाइलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। धरने में शामिल लोगों ने यह भी कहा कि कोरी समाज ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति में सूचीबद्ध है, और उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। इस मौके पर बडी संख्या में कोरी समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर : कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे कोरी समाज के लोग।

# हत्यारोपी देवर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

**बुढ़ाना।** दस दिन बीतने पर भी एक विवाहिता का हत्यारा देवर अभी भी पुलिस की पकड से दूर है हालांकि पुलिस इस हत्या में सास, ससुर व पति को जेल भेज चुकी है। पीहर वालों ने पुलिस से चौथे हत्यारे की भी गिरफ्तारी की मांग की है। पीडित को ये अंदेशा है कि कहीं पुलिस देवर का नाम जांच में न निकाल दे। गोरव पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम वैल्ली ने पुलिस को बताया था कि उसकी बहन हिमानी की शादी बीते 6 दिसम्बर 2020 को भगत पुत्र लहरी निवासी ग्राम गढी सखावतपुर संग हुई थी। उसके मां बाप ने हैसियत अनुसार काफी खर्च किया था किन्तु उसकी बहन हिमानी का पति भगत, ससुर लहरी, सास शकुन्तला व देवर सूरत उसकी बहन द्वारा लाये गये दहेज से खुश नहीं थे। उसकी बहन से अतिरिक्त दहेज में स्विफ्ट कार की मांग करते थे। बहन ने अपने ससुरालियों को काफी समझाया कि वे अपनी अतिरिक्त दहेज की मांग छोड़ दें किन्तु उक्त लोगों ने अपनी दहेज की मांग नहीं छोडी तथा उसकी बहन संग मारपीट करते रहे। उसकी बहन ने 2 बेटियों को जन्म दियाघ् उस वक्त भी उसकी बहन को ताने दिये कि न तो हमारी दहेज की मांग पूरी हुई बल्कि बेटियां पैदा कर दी। उसकी बहन ने परिवार बनाये रखने का पूरा प्रयास किया और ससुरालियों का उत्पीडन झेलती रही। उसकी बहन की बीते 24 जुलाई को पूर्व की भांति गाली गलौच व मारपीट कर हत्या कर दी गयी।

# झमाझम बरसे बदरा: शहर की सड़कों पर हुआ पानी-पानी





**मुजफ्फरनगर।** इस बार मानसून सामान्य से काफी अधिक हो रही है। रूक रूक कर लगातार हो रही बारिश से जहां उमस भरी राहत मिली है तो वहीं कुछ फसलों के लिए भी यह बारिश लाभकारी बताई जा रही है। इसके साथ ही बारिश लोगों के लिए दुश्वारियां भी खडी कर रही है। सुबह हुई झमाझम बारिश से शहर की गलियों व सड़कों पर जलभराव की स्थिति रही। और लोग जलभराव से जूझते रहे।

सड़कों पर पानी भरने से कई क्षेत्रों में वाहन पानी में बंद होकर फंस गए जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जलभराव होने से दुकानों में भी पानी भरने की शिकायते मिली। नगर पालिका के तलीझाड़ नाले सफाई की पोल रविवार को हुई हल्की बारिश ने एक बार फिर खोल कर रख दी।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा)
C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART)
C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# पहरा दे रहे लोगों से संदिग्ध को छुड़ा ले गए वर्दीधारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांवों मे चोरों के डर के कारण दहशत का माहौल बना हुआ है। एक ओर ड्रोन के शोर ने लोगो को परेशान किया हुआ है तो दूसरी ओर 10-15 बदमाशों के बाइको पर देखे जाने से दहशत व्याप्त है। गढी हसनपुर गांव मे पॉच अलग अलग मौहल्ले मे ग्रामीण पहरा देकर अपनो की सुरक्षा कर रहे है।

आरोप है कि रात्रि के समय मे संदिग्ध अवस्था में एक युवक को पकडा था तभी बाइक पर दो पुलिस वालें आते है और ग्रामीणों को धमकाकर चले जाते है। ग्रामीणों को पुलिसवाले संदिग्ध लगे जो बिना बुलाए आ गए। आरोप है कि डायल 112 पर सूचना दी गई लेकिन फोन रिसीव नही हुआ। वही पुलिस चौकी के सीयूजी नम्बर भी नही लगा।

पिछले कुछ दिनों से गांव दर गांव संदिग्धों ड्रोन के उडाए जाने से लोग दहशत मे थे लेकिन अब बदमाशों के खौंफ ने लोगो की रातों की नींद हराम कर दी है। दिन मे अपनों के जीवन यापन के लिए मेहनत मजदूरी करे और रात्रि मे अपनों की सुरक्षा के लिए जागकर पहरा दें। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव गढी हसनपुर में बीतीरात्रि पंचायत घर के सामने पहरा दें रहे लोगो ने एक संदिग्ध को भागते पकडा। आरोप है कि तभी दो पुलिस की वर्दी पहने युवक आए और धमकाकर संदिग्ध को बाइक पर बैठाकर थानाभवन की ओर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस को किसी ने सूचना नही दी थी और पुलिस की बाइक भी टूटी हुई थी। इसके बाद रोड समाज के मौहल्ले मे पहरा दें रहे लोगो ने मोबाईल टावर के पास 10-15 संदिग्धों को बाइको पर देखा।

चोरों की सूचना से क्षैत्र मे खौफ का माहौल है। लोग पुलिस पर भरोसा ना करके अपने घरो व खेतो का पहरा दे रहे है। दथेडा, जिजौला, अलीपुरा, चौसाना, बल्लामाजरा,टोडा सहित क्षैत्र के डेढ दर्जन गावों मे ग्रामीण पहरा दे देकर अपनों की सुरक्षा कर रहे है।

### अब पुलिस भेषधारियों को ढूंढ रही पुलिस

गढी हसनपुर की घटना के बाद पुलिस सकते में है आखिर कौन लोग संदिग्ध को पुलिस की भेष मे आकर छुडाकर ले गए। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि हमे जानकारी नही है। हम लोग भी तलाश कर रहे है ऐसा किसने किया।

..................................

हम लोग पहरा देने वालों के पास जाकर सुरक्षा के टिप्स दें रहें है। गढी हसनपुर मे पहरा देने वाले लोगो से सम्पर्क करके उनसे पूछा जा रहा है कि क्या आप उन लोगो को पहचान लेंगे।

**ज्ञानेंद्र सिंह,**
**चौकी प्रभारी, चौसाना**

## चोर के शोर में युवक की पिटाई पांच का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती भाभी के लिए चाय लेने जा रहे युवक को आधा दर्जन युवकों ने चोर समझकर मारपीट पर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया दिया है। थाना क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर खेड़ा निवासी मोनू अपनी भाभी माया पत्नी बिट्टू को प्रसव पीड़ा होने के चलते कस्बे के सरकारी अस्पताल में लेकर आया था। कुछ देर बाद युवक कस्बे के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी में भाभी के लिए चाय लेने पहुंचा तो आरोप है कि मोहल्ले के लोगों ने चोर समझकर युवक को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह युवक जान बचाकर सरकारी अस्पताल पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, ओर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मौके से पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम आरिफ पुत्र असगर, शफीक पुत्र अब्दुल, अकरम पुत्र जाकिर, कासिम पुत्र नन्नू व फारूख पुत्र अनीस बताया है। पुलिस ने पकड़े गए पांच लोगों का रविवार को शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए पांचों लोगों ने चाय लेने जा रहे युवक के साथ चोर समझ कर मारपीट की थी। पांच लोगों का चालान कर जेल भेज दिया गया।

## गैंगरेप के मामले में फरार मुख्य आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** महिला से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पकड़े हुए आरोपी पर बीस मुकदमे अलग अलग धाराओं में दर्ज है। पुलिस ने पकड़े आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेज किया। आरोपी पूर्व में नगर पंचायत झिंझाना चौयरमेन जिला पंचायत व विधायक पद का चुनाव लड चुका है।

शनिवार को महिला के परिजन ने कस्बे के फिरोज खान एवं उसके एक साथी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर शनिवार की शाम ऊन रोड स्थित मेरिज होम से मुख्य आरोपी फिरोज खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस प्रयास कर रही है। मुख्य आरोपी फिरोज खान पर संगीन धाराओं में लगभग बीस मुकदमे दर्ज हैं।

### 20 मुकदमे हैं दर्ज

**झिंझाना।** महिला से गैंगरेप के आरोपी फिरोज खान पर संगीन धाराओं में जहां बीस मुकदमे दर्ज हैं तथा पूर्व में नगर पंचायत चौयरमेन व जिला पंचायत व विधायक पद का चुनाव लड चुका है जो जिला पंचायत व नगर पंचायत के चुनाव में कम मतों के अंतराल से चुनाव हार गया था।

## डा. मनोज वर्मा ने किया उद्घाटन



**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित दिल्ली नैनीताल हाईवे पर उस समय उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला जब कृष्णा गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर रेस्टोरेंट का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर डा. मनोज वर्मा ने कहा कि स्योहारा जैसे बढ़ते हुए नगर को इस प्रकार की आधुनिक सुविधाओं की बहुत आवश्यकता थी कृष्णा रेस्टोरेंट न केवल स्वादिष्ट भोजन की सुविधा देगी बल्कि यह क्षेत्रीय लोगों और यात्रियों के लिए भी एक बेहतरीन विश्राम स्थल के रूप में काम करेगा। रेस्टोरेंट के संचालक रामानंद शर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य स्योहारा व आसपास के क्षेत्रों में एक ऐसा स्थान उपलब्ध कराना है, जहाँ ग्राहक शुद्ध स्वादिष्ट भोजन के साथ साथ पारिवारिक वातावरण में सेवा का आनंद ले सकें।

## तलवार से केक काट रहे युवा हो रहे वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**चौसाना।** चौसाना में जगह जगह बर्थडे पार्टी के दौरान अपने घरो व मैरिज होम पार्टी के दौरान युवको ने रंगबाजी में सड़क पर तलवार से केक काटा। तलवार से केक काटने के फोटो-विडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे है। बेखौफ तलवारों से केक काटने के विडियों पुलिस-प्रशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दें रहे है। जिसका जमकर विरोध हो रहा है। लेकिन वायरल होने के बाद भी ऐसे लोगो पर कोई कार्यवाही नही हो पाई।

चौसाना चौकी क्षैत्र में रंगबाजी का खेल पर अब हर किसी के फोन तक जा पहुॅचा। इसे सभ्य सामाज मे भय का वातावरण पैदा करने कहे या फिर यूपी वालों का भौकाल वो बात अलग है। रविवार को एक साथ सोशल मीडिया पर चौसाना चौकी के तीन अलग अलग पार्टी के फोटो वायरल हुए। जिसमे एक युवक थानाभवन मार्ग पर स्थित एक पैलेस मे दोस्तो को बर्थडे पार्टी देता है और 5-7 केक मेज पर लगाकर उसे तलवार से काटता है।

वही दूसरा विडियों किसी पार्टी संगठन के पदाधिकारी का बताया गया है,जो बर्थडे के दिन केक को तलवार से काट रहा है। बताया गया है कि विडियो विगत दिनों का है। इसके अलावा के अन्य विडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें एक युवक अपने बर्थडे पर परिवार के संग केक को तलवार से काटता दिखाई दे रहा है। लोगो ने तीनो विडियों को सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए कडी नाराजगी जताई है और पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। वही एसपी शामली ने मामले की जांच के आदेश दिए है।

## एक नजर

### प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के माजरा रोड़ स्थित एक बारातघर में अखिल भारतीय महर्षि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रथम कश्यम समाज प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। रविवार को शहर के माजरा रोड़ स्थित एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी किरणपाल कश्यप, पूर्व विधायक रणजीत सिहं, रामजीलाल कश्यप ने किया। कार्यक्रम में समाज के बुद्धिजीवियों और सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को मॉमेंटों देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजित संजीव कश्यप ने कहा कि अखिल भारतीय महर्षि चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यह प्रथम कश्यम समाज प्रतिभा कलंकरण समारोह आयोजित किया गया है। जिससे समाज में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जा सके। इस दौरान समाज के मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज में फैली बुराईयों को दूर करने, समाज की एकजुटता और समाज को मजबूर बनाने पर बल दिया गया। कश्यप समाज के लोगों ने कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव में भी समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। जिससे समाज की मांगों और मुददों को उठाया जा सके। इस अवसर पर निमेश कश्यप, समीर कश्यप, चंद्रभानु कश्यप, राजकुमार कश्यप, अनिल कश्यप, प्रमोद कश्यप, संजीव कश्यप, जसवंद कश्यप, बिजेन्द्र कश्यप, सत्यपाल सिंह कश्यप आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या में लघु उद्योग भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अयोध्या में लघु उद्योग भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शामली जिले के उद्यमियों ने भाग लिया। बैठक में उद्योगों की बेहतरी को लेकर विचार-विमर्श हुआ और आगामी योजनाओं पर रणनीति बनाई गई।

शामली जिले के लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अंकित गोयल ने बताया कि बैठक में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि संगठन देश के 570 जिलों में सक्रिय है और 65 हजार से अधिक सदस्य इसके साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में लघु उद्योग भारती सबसे बड़ा उद्यम संगठन बनकर उभरा है। कहा देशभर में संगठन उद्योग हित में निरंतर कार्य कर रहा है और विभिन्न राज्य सरकारें हमसे उद्यमियों से संबंधित सुझाव ले रही हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद ने सदस्यता अभियान को गति देने और संगठन के विस्तार का प्रस्ताव रखा। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्यमियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश लाया जा रहा है। उद्यमियों की सभी समस्याओं को निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से त्वरित हल किया जा रहा है। बैठक में शामली लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल ने मंच से जिले की समस्याएं उठाईं, जिस पर मंत्री व संगठन के पदाधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, आलोक जैन, रोहित गर्ग, मुकेश जिंदल, जगमोहन गोयल, आदेश बिंदल उपस्थित रहे।

### गुलदार हमले के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची भाकियू सामाजिक की टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शनिवार को जंगल में घास काटने गई महिला की गुलदार हमले में मौत के बाद नगर में दहशत का माहौल है। मृतका के पति सुरेंद्र के घर पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और हाल-चाल जाना। वहीं भारतीय किसान यूनियन सामाजिक की टीम ने पीड़ित के घर पहुंचकर परिवार का हालचाल जाना। सुरेंद्र के मासूम बच्चों को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र रेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी वन विभाग के दरोगा सुनील कुमार राजोरा से फोन पर बात हुई है। दरोगा ने बताया कि घटनास्थल पर पिंजरा लगवा दिया गया है। भाकियू सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष से राजौरा ने बताया विभाग की ओर से पीड़ित को हरसंभव सहायता देने की बात कही। नगरवासियों ने वन विभाग से क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाने और गुलदार की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी अफजलगढ़, मीडिया प्रभारी मास्टर सलाउद्दीन, नगर उपाध्यक्ष एहसान शाही, मौहम्मद अशरफ, मौहम्मद फारूक, फहद शाहिद आदि रहे।

# सरल जीवन जीना बहुत कठिन: विव्रत सागर





शामली। प्रवचन करते विव्रत सागर जी महाराज व कार्यक्रम में मौजूद लोग। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के जैन धर्मशाला में 29वे दिन प्रवचन करते हुए श्रमण मुनि विव्रत सागर ने जीवन में सरलता के महत्व पर जोर देते हैं। उन्होने कहा कि सफलता का जीवन आवश्यक हैं। वे यह भी स्पष्ट करते हैं कि जीवन जीना सरल है, लेकिन सरल जीवन जीना बहुत कठिन है। अक्सर लोग जीवन बड़ी सरलता से काट लेते हैं, लेकिन सच्चा सरल जीवन जीने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

मुनिराज दश लक्षण पर्वों में सुनाई जाने वाली पंक्तियों का उल्लेख करते हैं, जो कपट को अधर्म और सरल भाव को धर्म बताती हैं। वे सवाल उठाते हैं कि लोग इन बातों को भगवान या पड़ोसियों को क्यों सुनाते हैं, बजाय स्वयं अपने जीवन में अपनाने के। उनका मानना है कि धर्म व्यक्ति को स्वयं सुनना चाहिए।

गुरुदेव समझाते हैं कि जो भाव आत्मा से दूर करें वे अधर्म हैं और जो आत्मा के निकट लाएं वे धर्म हैं। व्यक्ति को अपनी अंतर ध्वनि सुननी चाहिए, जो उसे हर प्रश्न का उत्तर देती है, लेकिन लोग अक्सर इस आंतरिक आवाज को अनदेखा करते हैं और दूसरों की सुनते हैं। प्रवचन में बताया गया है कि व्यक्ति कैसे धीरे-धीरे अपनी अंतरध्वनि को दबाता है। एक व्यापारी का उदाहरण दिया गया है जो पहली बार मिलावट करते समय डरता है, लेकिन पकड़े न जाने पर अगली बार उसका डर कम हो जाता है। यह आंतरिक आवाज के दब जाने से कुसंस्कार प्रबल होते जाते हैं, जिससे व्यक्ति को अपने कुकर्मों के परिणाम स्वयं भोगने पड़ते हैं।

उन्होने कहा कि व्यक्ति को अपने हर भाव का स्वयं विश्लेषण करना चाहिए कि वह पुण्यकारी है या पापी। इसके लिए किसी बाहरी जगह जाने की बजाय, शांति से बैठकर अपनी आंखों को बंद करके स्वयं के कर्मों पर विचार करना चाहिए।

यह आत्म-विश्लेषण व्यक्ति को सही और गलत का निर्णय लेने में मदद करेगा। चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन अरुण जैन द्वारा, पाद प्रक्षालन दिनेश जैन, वैभव जैन परिवार एवं आशी जैन के जन्मदिन पर रमेश चंद्र, जैन राहुल जैन परिवार द्वारा, शास्त्र भेंट मुनि विव्रत सागर की दिल्ली से आई गृहस्थ अवस्था की बुआ प्रीति जैन, अर्चना जैन द्वारा किया गया।

## लायंस क्लब सिनर्जी के अध्यक्ष बने अजय वर्मा



**शामली।** लायंस क्लब शामली सिनर्जी का वार्षिक अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें डॉ. अजय वर्मा ने अध्यक्ष, रुचिर संगल ने सचिव और निशांत गर्ग ने कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

शनिवार देर रात्रि शहर के दिल्ली रोड़ स्थित बारातघर में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में पूर्व अध्यक्ष भारत संगल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष पद का दायित्व डॉ। अजय वर्मा को सौंपा। इस दौरान डॉ। अजय वर्मा ने अध्यक्ष, रुचिर संगल ने सचिव और लॉयन निशांत गर्ग ने कोषाध्यक्ष का पद संभाला। नए सदस्यों को आदित्य गुप्ता और अरविंद संगल द्वारा शपथ दिलाई गई। इसी सभा में लायंस्टिक वर्ष 2025-26 के लिए बोर्ड के सदस्यो का चयन किया। सिद्धार्थ गर्ग पीवी-1, अमन शर्मा पीवी-2, पारस जैन पीवी-3 जोईन सचिव जॉय गर्ग, जाईन कोषाध्यक्ष प्रियांक गोयल, पीआरओ-तुषार धवन, मोहित कम्बोज, शिवम विश्वकर्मा, अनंत गुप्ता, ऋषभ गोयल, पुनीत जैन, शिवम अरोड़ा, अमन शर्मा, वैभव गुप्ता नए पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने संबोधन में समाज सेवा को और सशक्त करने तथा क्लब की गतिविधियों को नई दिशा देने का संकल्प लिया। डॉ. विनय सिसोदिया ने सेवा कार्यों में नई ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर डा। जेएस शर्मा, संजय संगल, सिद्धार्थ गर्ग, रुचिर संगल, डा. अर्जुन वर्मा, वैभव प्रकाश गोयल, पाल गोयल आदि मौजूद रहे।

## बीडीओ व बीएमएम की जांच रिपोर्ट सौंपी

**अफजलगढ़।** आखिरकार मण्डलायुक्त से की गई शिकायत में लाखों रुपये के घोटाले के मामले में तत्कालीन बीडीओ व वर्तमान बीएमएम की जांच एडीओ आईएसबी को सौंपी गई हैं। निवासीगण ब्लॉक क्षेत्र के मुकेश, पवन, शिवम, रचना कुमारी आदि ने दस जुलाई को मंडलायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। आरोप था कि 2020-2021 में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुए पशुपालन विभाग तथा कौशल विकास योजना के प्रक्षिक्षण के नाम पर करीब छह लाख रुपये का गबन किया था। आज तक उक्त रकम का कोई भी समायोजन नहीं हुआ है और न ही कहीं भी अभिलेखों में खर्च दर्ज है। उक्त रकम तत्कालीन बीडीओ जो.हरी और वर्तमान बीएमएम पंकज चौधरी ने निकालकर हड़प ली थी। उधर एडीओ आईएसबी इकबाल अहमद ने जांच कर उच्चाधिकारियों को जांच रिपोर्ट देने की बात कही है ।

# भोलेनाथ की उपासना से होती है सुखों की प्राप्ति

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री सत्यधाम धर्मशाला में चल रहे 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथावाचक कैलाश चंद्र वशिष्ठ महाराज ने कहा कि श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की आराधना और उपासना अनेकों प्रकार के सुखों की उपलब्धि कराती है तथा संबंधित परिवार धन-धान्य से परिपूर्ण रहते हैं और उन पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती की कृपा एवं अनुकंपा भी निरंतर बनी रहती है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल श्रद्धालुओं द्वारा उच्चारित किए जा रहे हर-हर महादेव तथा शंकर भगवान की जय के सामूहिक जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूजन कार्यक्रम के यजमानों में प्रमुख रूप से विवेक दुबे एवं भावना दुबे, सहदेव चौधरी एवं सरिता सिंह, आर्यन चौधरी, सार्थक चौधरी, पंकज कुमार बालियान, रुक्मिणी देवी बालियान, अभिनव बालियान, ख्याति रानी, बालियान आदि शामिल रहे। जिन्होंने पूर्ण भक्ति भाव के साथ भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश भगवान तथा कार्तिकेय भगवान के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। पूजन कार्यक्रम देव मंदिर के पुजारी पंडित रविकांत वशिष्ठ जी महाराज ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। श्रद्धालु परिवारों को शिव कथा रूपी अमृत रस का पान कराते हुए आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ जी महाराज ने कहा कि वह परिवार बहुत ही सौभाग्यशाली कहलाते हैं जिन्हें श्रावण मास में शिव कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कथा श्रवण करने के साथ ही टीचर्स कॉलोनी के देव मंदिर में चल रहे रुद्राभिषेक एवं जलधारा कार्यक्रम में श्रद्धालु परिवारों एवं शिव भक्तों द्वारा प्रदर्शित की जा रही समर्पित भूमिका को उनके जीवन की विशेष उपलब्धि बताते हुए कहा कि मानव जीवन पाकर भी जो लोग धार्मिक कार्यों और कार्यक्रमों से वंचित रहते हैं।




शामली। योग के प्रति जनजागरूकता फैलाते हुए। छाया शाह टाइम्स

# योग के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति शामली की ओर से काकानगर स्थित पतंजलि कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश राज्य प्रभारी सुनील शास्त्री रहे। उन्होंने संगठन के विस्तार, कार्यशैली और कार्यकर्ताओं के उत्तरदायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा योग के प्रति जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

उन्होने बताया कि आगामी 4 अगस्त को आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी योग साधकों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं से औषधीय एवं पर्यावरण के लिए उपयोगी वृक्षों के पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी दया शंकर आर्य ने नियमित योग अभ्यास करने और जड़ी-बूटी दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने की प्रेरणा दी। वहीं, राज्य कार्यकारिणी सदस्य रविकर आर्य ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली अनेक उपयोगी जानकारियां साझा कीं। बैठक की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान शामली के जिला प्रभारी करण सिंह ने की। मौके पर युवा प्रभारी मनोज गोस्वामी, महिला जिला प्रभारी डा। कुमुद शर्मा, सह-प्रभारी मुकेश कुमार, अजय शर्मा, सोनू कश्यप, राजपाल चौधरी, रविकांत, प्रदीप कुमार, सत्यपाल सिंह, पवन शर्मा, हरपाल सिंह, मनोज गोस्वामी, अनुज खंडेलवाल, राजेंद्र कुमार, सुभाष शर्मा, जयप्रकाश छाबड़ा, नूर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# भारतीय पेसर्स ने वापसी की उम्मीद जताई

## ओवल टेस्टः रूट 105, ब्रुक 111 रन बनाकर आउट, इंग्लैंड को 35 रन चाहिए, 4 विकेट बाकी



**लंदन, वार्ता।** भारत के खिलाफ 374 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम ओवल टेस्ट जीतने से 35 रन दूर है। इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। जैमी स्मिथ और जैमी ओवर्टन क्रीज पर हैं। जो रूट 105 रन और हैरी ब्रुक 111 रन बनाकर आउट हो चुके हैं।

रविवार को मैच का चौथा दिन है। भारत जीत से 4 विकेट दूर है, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। जैकब बेथल (5 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड किया। हैरी ब्रुक (111 रन) को आकाश दीप ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। लंच से पहले ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया। एक दिन पहले भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर आलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे। 73वें ओवर में इंग्लैंड ने छठा विकेट गंवा दिया है। यहां जो रूट 105 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने विकेटकीपर ब्रुक जुरेल के हाथों कैच कराया। 69वें ओवर में जो रूट ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने आक. ाश दीप के ओवर की पहली बाल को डीप स्क्वेयर लेग में खेलकर अपना शतक पूरा किया। शतक बनाने के बाद रूट ने अपने बल्ले को चूमा और फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। ओवल टेस्ट के चौथे दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाया और 153 रन बना डाले। 63वें ओवर में इंग्लैंड ने 300 रन का आंकड़ा पार किया। हैरी ब्रुक ने आकाश दीप के ओवर में लगातार दो चौके लगाकर टीम स्कोर 300 पार पहुंचाया। इसी ओवर की चौथी बाल पर आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को सिराज के हाथों कैच कराया। यहां आकाश ने 195 रन की साझेदारी ब्रेक की। शाट खेलने के प्रयास में ब्रुक के हाथ से बल्ला छूआ और वे कैच आउट हो गए। 61वें ओवर में हैरी ब्रूक ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने इस सीरीज में दूसरा शतक लगाया है।



# पाक को हरा द. अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूटीसीएल का खिताब जीता

**● फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया। मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया।

एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के 6 मैचों में 429 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला। डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाक के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

## अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाक

**● पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लिया बड़ा फैसला, भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इन्कार कर दिया था।

इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संच. ालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आयु धोखाधड़ी रोकने को स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त करेगा बीसीसीआई

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है।

## कोको गॉफ को हराकर म्बोको क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार रात खेले गये मुकाबले में कनाडाई किशोरी म्बोको ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। विश्व में 85वें स्थान पर काबिज म्बोको ने गॉफ को एक घंटे दो मिनट चले मुकाबले में हराया। म्बोको का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला स्पेन की जेसिका बोउजास मानेरो से होगा, जिन्होंने चीन की लिन झू को 7-5, 6-1, 6-2 से हराया। यह मैच वर्षा से बाधित था और मध्य रात्रि से ठीक पहले समाप्त हुआ। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि आज जीतकर मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

# दुबई-अबुधाबी एशिया कप के आयोजन स्थलों में शामिल




**● 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 मैच शामिल है, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी**

**दुबई, वार्ता।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सितंबर में होने वाले एशिया कप के आयोजन स्थलों के रूप में दुबई और अबु धाबी की पुष्टि की है। इसने मैचों के समय की भी घोषणा की है, जो यूएई समयानुसार शाम 6 बजे शुरू होंगे, यानी भारत में शाम 7:30 बजे भारतीय दर्शकों के लिए प्राइम-टाइम देखने का समय।

यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक चलेगा। 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में, जिसमें 19 मैच शामिल हैं, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी। 15 सितंबर को दो मैच निर्धारित हैं यूएई बनाम ओमान और उसके बाद श्रीलंका बनाम हांगकांग। पहला मैच स्थानीय समयानुसार शाम 4:30 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे) शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच सामान्य समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। परिणामस्वरूप, दोनों मैचों के कुछ हिस्से अनिवार्य रूप से एक-दूसरे से टकराएंगे। भारत के लीग मैच 10 सितंबर (यूएई के विरुद्ध), 14 सितंबर (पाकिस्तान के विरुद्ध) और 19 सितंबर (ओमान के विरुद्ध) निर्धारित हैं। यह मानते हुए कि भारत और पाकिस्तान अपने ग्रुप में शीर्ष दो टीमें रहेंगी, वे 21 सितंबर को सुपर 4 चरण में फिर से आमने-सामने होंगी। भारत के शेष सुपर 4 मैचों की तारीखें लीग तालिका में उनकी स्थिति पर निर्भर करेंगी। स्थानों और समय की घोषणा करते हुए, एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि एसीसी टी20 एशिया कप के स्थान और मैचों का समय घोषित कर दिया गया है! खचाखच भरे स्टेडियमों और कुछ रोमांचक मुक. ाबलों का बेसब्री से इंतजार है। एसीसी ने एक बयान में कहा कि साल के सबसे बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंटों में से एक में शीर्ष एशियाई क्रिकेट देशों के बीच मुकाबला होने के साथ, यह घोषणा टूर्नामेंट की तैयारियों में एक बड़ा कदम है। प्रतिष्ठित स्टेडियमों से लेकर उत्साही प्रशंसकों तक, पूरे महाद्वीप में रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफ़ग़ानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग, आठ टीमों ने टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

## भारत के ओलंपिक भविष्य को आकार देने की कवायद तेज

**● कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग एकजुट हुए**

**हैदराबाद, वार्ता।** दिग्गज कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग भारतीय खेलों के लिए अपनी तरह की पहली प्रशासनिक पहल में एक साथ आए हैं। इस एकीकृत दृष्टिकोण का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को मज़बूत करना, बुनियादी ढांचे का अनुकूलन करना और मज़बूत, समग्र खेल विकास के लिए उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। एथलीटों के लिए स्पष्ट मार्ग बनाकर और राज्य की प्रगतिशील खेल नीति के साथ तालमेल बिठाकर, यह पहल तेलंगाना को भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं में सबसे आगे रखती है और एक राष्ट्रव्यापी खेल क्रांति की अगुवाई करती है। ये खेल जगत के दिग्गज, प्रमुख प्रशासकों और उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ मिलकर तेलंगाना खेल विकास कोष (टीएसडीएफ) के नवगठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का गठन करते हैं। यह अग्रणी सार्वजनिक-निजी मॉडल जमीनी स्तर की प्रणालियों को मजबूत करने, विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भारत के अगली पीढ़ी के चैंपियनों को तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय खाका तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बोर्ड जमीनी स्तर के खेल ज्ञान को संस्थागत और कॉर्पोरेट विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, जिसमें आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष डा. संजीव गोयनका जैसे प्रभावशाली नेता शामिल हैं।

# आईपीएल-2026 में खेलेंगे धोनी



**● कहाः ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद, तूफानी कप्तान एम एस धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। तो, अब हम काफी व्यवस्थित हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, धोनी ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी से आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी मजबूत होगी। गायकवाड़ पांच मैच खेलने के बाद कोहनी की चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए थे। धोनी ने सीएसके की कप्तानी संभाली, लेकिन टीम की किस्मत नहीं बदल सके( टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ सबसे निचले पायदान पर रही और लगातार बल्लेबाजी करने के लिए संघर्ष करती रही। धोनी ने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। इसलिए, अब हम पूरी तरह से व्यवस्थित हैं।

धोनी ने कहा कि टीम इस साल के अंत में होने वाली मिनी-नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (सीएसके) आईपीएल 2025 में कोई ढिलाई बरती। लेकिन कुछ खामियां थीं जिन्हें हमें दूर करना था। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। कुछ खामियां हैं, और हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 8 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ सीएसके का मैच था।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग में शुरुआती संदेशवाहकों डाकियों को दी गई श्रृद्धांजलि

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के मिशन को जारी रखते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने इंडिया पोस्ट के साथ साझेदारी में आज देश भर के 6000 स्थानों पर आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 34वें संस्करण में शुरुआती संदेशवाहकों, डाकियों को श्रृद्धांजलि दी गई। आज आयोजित इस 34वें संस्करण में दशकों से लोगों, स्थानों और कहानियों को जोड़ने वाले भारत के डाकियों, देश के मूल साइकिल चालकों को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय डाक ने अपने 1-5 लाख से अधिक डाकघरों के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में साइक्लिग अभियान का आयोजन किया। लगभग 3000 नमो फिट इंडिया क्लबों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। अपनी खाकी वर्दी और साधारण साइकिलों के साथ, भारत के डाकिया फिटनेस, विश्वास और साम. ुदायिक सेवा के शाश्वत प्रतीक बन गए हैं। आज, राष्ट्र ने उनकी विरासत का सम्मान किया और उनके साथ साइकिल चलाई। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुबह सात बजे आयोजित इस कार्यक्रम में शौकिया साइकिल चालकों और भारतीय डाक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विंडीज ने पाक को हराया

**● पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर वेंस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर की**

**लॉडरहिल, वार्ता।** जेसन होल्डर (चार विकेट/16 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी कर ली है।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ऐलेक ऐथनेज (दो) और जेवेल एंड्रयू (12) रन बनाकर आउट हुये। शरफेन रदरफोर्ड (छह), कप्तान शाई होप (21), रॉस्टन चेज (16), केसी कार्टी (तीन) और रोमारियो शेफर्ड (15) रन बनाकर आउट हुये। गुडाकेश मोती ने 20 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 28 रन बनाये। जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्का लगाते हुए 16 रनों की नाबाद मैच विजयी पारी खेली। होल्डर ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शमार जोसेफ दो रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 135 रन बनाकर दो विकेट से मुक. ाबला जीत लिया। जेसन होल्डर को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम आयूब ने दो विकेट लिये।

शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरीः जायसवाल



**● जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं, तो मेरी कोशिश यही रहती है कि मैदान पर ज्यादा से ज्यादा समय गुजारूं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 118 रनों की पारी खेलकर भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अपनी पारी को और बड़ा करना चाहते थे लेकिन अंत में वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

जायसवाल ने तीसरे दिन के खेल के बाद मीडिया से कहा कि मैं और बेहतर करना चाहता था, मैं इससे बड़ी पारी खेलना चाहता था। अगर ऐसा होता तो मैं कुछ और भी हासिल कर सकता था। लेकिन ठीक है, मैंने इसके लिए काफी मेहनत की थी और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरी कोशिश यही रहती है कि जितना संभव हो सके उतनी देर बल्लेबाजी कर सकूं और मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं। जायसवाल ने दो शतक और दो अर्द्धशतक के साथ इस सीरीज में कुल 411 रन बनाए। ओवल में लगाया जायसवाल का शतक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उनका चौथा शतक भी है। जायसवाल ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों और कोच से उन्हें यही फीडबैक मिला था कि वह लगातार मेहनत करते रहें और उन्होंने कहा कि वह खुद भी यह मानते हैं कि इस खेल में निरंत. रता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। जायसवाल ने कहा कि फीडबैक यही है कि लगातार मेहनत करते रहना है और जैसा कि हम सभी करते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं और हर दिन बेहतर करने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि क्रिकेट निरंतरता का खेल है तो हम यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करते हैं कि हम अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत करें। ताकि जब हम मैदान में उतरें तो खेल हमारे लिए आसान हो जाए। हम काफी मेहनत कर रहे थे। हमें पता है कि हम कैसे शॉट्स खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि एक ही चीज को लगातार निरंतरता से करता रहना बेहद जरूरी है। जायसवाल का यह पहला इंग्लैंड दौरा भी था और उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें बतौर खिलाड़ी काफी कुछ सीखने को मिला है जिन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। जायसवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि जरूरी यह है कि मैं कैसे चीजों से लड़ता हूं। मेरी मानसिकता यही रहती है कि जैसी भी परिस्थिति सामने हो उनसे लड़ूं और खेल का लुत्फ उठाऊं। मैं अपने आप को यही समझाता हूं कि अंत में यह एक खेल है और इसका लुत्फ उठाना जरूरी है। इस दौरे से मैंने काफी कुछ सीखा है, मैं हर चीज तो नहीं बता सकता लेकिन मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर इस सीरीज में मैंने काफी कुछ सीखा है और जिस तरह से मैंने और पूरी टीम ने पिछले दो महीने से मेहनत की है और इंग्लैंड सीरीज का लुत्फ लिया है वो काबिले तारीफ है।

## श्रीशंकर ने जीता कोसानोव मेमोरियल-2025 एथलेटिक्स मीट में लांग जंप का खिताब



**कजाकिस्तान, वार्ता।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों लॉन्ग जंप का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को 26 वर्षीय भारतीय एथलीट ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज लेबल (कैटेगकी सी) मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने पहले प्रयास में ही 7.94 मीटर की विजयी छलांग लगाई। चोट से वापसी के बाद से यह उनकी तीसरी जीत है। फिलीपींस के जैनरी उबास 7.53 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अजरबैजान के नाजिम बाबायेव 7.48 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पिछले साल अप्रैल में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद श्रीशंकर की यह तीसरी एथलेटिक्स प्रतियोगिता थी। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और इस कारण पिछले साल फ्रांस में होने वाले ग्लोबल ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बाद भी

# सम्पादकीय

सोमवार, 4 अगस्त 2025

## चुनावी साख का सवाल

एसआईआर को लेकर न चुनाव आयोग पीछे हटता दिखाई दे रहा है न विपक्ष, संसद भी ठप पड़ी हुई है। वहां पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, क्योंकि जो विपक्ष चाहता है उस प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से बहस हो, तो वहीं सत्ता पक्ष चुनाव आयोग को निष्पक्ष संस्था बताकर बहस से पल्ला झाड़ रहा है, उसका कहना है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक स्वतंत्र संस्था है, उसके ऊपर संसद में बहस नहीं हो सकती। बड़ी अजीबोगरीब गुत्थी उलझी हुई है। इससे स्थिति और जटिल होती जा रही है। कांग्रेस नेता एवं सांसद सौरव गोगोई का कहना है कि सरकार का यह कहना कि चुनाव आयोग किसी विभाग के अंतर्गत नहीं आता, इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती बेतुकी बाते हैं। जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पीएम और सरकार करते हैं, तो ऐसे में जवाबदेही भी बनती है। उनका कहना है कि जब विपक्ष यह चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में चर्चा हो तो सरकार क्यों टाल मटोल कर रही है। जाहिर है इससे जनता के मन में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होता है। बात बिल्कुल सही है, आखिर जब विपक्षी दलों और जनता का ही भरोसा चुनाव आयोग पर नहीं रहेगा, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव के परिणामों पर जनता कैसे विश्वास कर पाएगी। निश्चित रूप से इस तरह के हालात से जो स्थिति पैदा होगी वह हमारे लोकतंत्र के लिए बेहद घातक हो सकती है। इस तरह की बातों से लोकतंत्र कदापि मजबूत नहीं होता। भले ही हम इस बात का दंभ भरते रहें कि हम दुनिया में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन हमारे लोकतंत्र की साख इस तरह की बातों से बुरी तरह प्रभावित होती है। देखने में भी आ रहा है कि चुनाव आयोग कुछ वर्षों से उस तरह काम नहीं कर रहा है जिस तरह एक लोकतांत्रिक देश में करना चाहिए और अब तो हालात ऐसे हो चले हैं कि चुनाव आयोग और तमाम विपक्ष सड़क से लेकर संसद और संसद से लेकर कोर्ट तक हल्ला काटे हुए हैं, लेकिन चुनाव आयोग अपनी बात से टस से मस होता दिखाई नहीं दे रहा है। आखिर कोई भी प्रक्रिया कितनी भी अच्छी और मजबूत क्यों न हो, अगर उसमें लोगों का भरोसा नहीं है तो उसकी अच्छाई और मजबूती का कोई मतलब नहीं रह जाता। चुनाव आयोग को यह समझना ही होगा। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह तमाम राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आगे बढ़े न कि उनसे उलझे। कोई भी अकेला आदमी सबकुछ ठीक नहीं कर सकता, सबके सहयोग से ही ठीक किया जा सकता है। चुनाव आयोग को किसी का भी प्रतिद्वंद्वी नहीं बनना चाहिए। यही बात सरकार पर भी लागू होती है। सरकार चलाना और चुनाव प्रक्रिया दोनों अलग चीजें हैं। संविधान ने उसे सरकार से पृथक शक्ति इसलिए ही दी थी, ताकि वह किसी के दबाव में काम न करे। आज सबकुछ उलट हो रहा है। सबसे बड़ी खामी तो उस चुनाव प्रक्रिया में आ गई, जिसके तहत मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होती है। जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस प्रक्रिया से बहाल किया गया, यह तभी तय हो गया था कि चुनाव आयुक्त वही बनेगा, जिसे सरकार चाहेगी।

## दुष्कर्मियों को संरक्षण न दें भाजपा सरकारें



जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं, श्री मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं, 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिंदा जला दिया, बच्ची को दिल्ली एम्स लाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया, बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था, ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट



वाहिद नसीम

अर्थव्यवस्था युद्ध बन चुकी है, और कर्ज नए टैंक हैं। यह बात सिर्फ एक मुहावरा नहीं है, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की उस रणनीति का सार है, जिसे दुनिया अब धीरे-धीरे समझ रही है।

**ट्रंप की टैरिफ थ्रेट नीति**

यानी जो देश चीन या ब्रिक्स की ओर झुके, उन पर भारी व्यापारिक कर लगाओ यह केवल वाणिज्यिक हथियार नहीं, बल्कि IMF और वर्ल्ड बैंक के पुराने औपनिवेशिक वित्तीय मॉडल का नया संस्करण है। ट्रंप और उनके सलाहकार जानते हैं कि अमेरिकी बाजार को खो देना, अमेरिका की आधी शक्ति को गंवा देना है। इसलिए जो देश डॉलर से हटकर युआन, रुपये या डिजिटल ब्रिक्स मुद्रा की तरफ बढ़ते हैं, उन्हें कर्ज, प्रतिबंध, या युद्ध की धमकी के जरिए वापस खींचा जा रहा है।

आज अमेरिका और यूरोप के औद्योगिक क्षेत्र तेजी से पराजय की ओर बढ़ रहे हैं। जर्मनी की कार फैक्ट्रियां एशिया की सस्ती बैटरी से हार रही हैं, ब्रिटेन की स्टील मिलें सस्ते रूसी-चीन उत्पादों से जूझ रही हैं। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ रणनीति असल में वक्त खरीदने की कोशिश है ताकि अमेरिका नए उत्पादन हब तैयार कर सके, और ब्रिक्स की गति को धीमा किया जा सके, लेकिन महंगाई, डॉलर के लिए अब सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अमेरिकी घरेलू बाजार की महंगाई ट्रंप की नीति का सबसे आत्मघाती परिणाम साबित हो रही है, जिसका आर्थिक व राजनीतिक नुकसान अमेरिका को ही झेलना पड़ेगा।

**कर्ज और कब्जा–ट्रंप और यहूदी बैंकिंग लॉबी का समझौता**

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गईं, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।



**सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गई, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।**

तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका-1945 की पुनरावृत्ति उलटी दिशा में। 1945 में अमेरिका ने हिरोशिमा-नागासाकी में परमाणु हमला कर दुनिया को अमेरिकी राज के अधीन कर दिया था, लेकिन अब, इतिहास पलट रहा है। अगर तेल अवीव-लंदन लॉबी और यहूदी वित्तीय अभिजात वर्ग ने ट्रंप के जरिए रूस-चीन को तीसरे विश्व युद्ध में घसीट लिया। तो यह नया 1945 बन सकता है, लेकिन इस बार रूस और चीन का अधिपत्य होगा, क्योंकि यूक्रेन में रूस ने नाटो के हथियारों को थका दिया, और गाजा में इजराइल की सैन्य अपराजेयता का भ्रम टूट गया। अब चीन और रूस के पास नए हथियार नई तकनीक और नई वैचारिक धार है, जो पश्चिम के मूल्य आधारित व्यवस्था को मटियामेट कर सकती है।

ब्रिक्स अब यह समझ चुका है कि युद्ध केवल गोली से नहीं, ऋण और व्यापार से भी लड़ा जा रहा है, यदि ब्रिक्स में कोई देश बना रहना चाहता है या शामिल होना चाहता हो तो उसे अपनी मुद्रा, अपने बाजार, और अपने गठबंधनों को धार्मिक-मूल्य आधारित युद्धों से दूर रखना होगा और अरब किंगडम्स को भी समझना होगा कि इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका अब विश्वसनीय छतरी नहीं है, क्योंकि अब छत्र बन चुका है चीन-रूस, जो दुनिया को न केवल हथियारों में, बल्कि विचारों में भी पुन बदलाव का मौका दे रहा है।

............................................

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीति और कूटनीतिक चालों पर बारीक नजर रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# छाया मंत्रिमंडल: विपक्ष की राजनीति में जिम्मेदारी

**यह दृष्टिकोण आलोचना से कहीं आगे जाकर जनता को यह भरोसा दिलाता है कि विपक्ष न केवल विरोध कर रहा है, बल्कि शासन की जिम्मेदारी के लिए भी तैयार है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक, पश्चिम बंगाल में भाजपा, केरल में कांग्रेस गठबंधन इन सभी राज्यों में विपक्ष के बड़े दल हैं। इन राज्यों में भी विपक्ष अपने-अपने स्तर पर छाया मंत्रिमंडल का गठन करके यह दर्शा सकता है कि वह राज्य की जनता के लिए केवल नारे नहीं, समाधान भी प्रस्तुत कर सकता है।**



वीरेश तरार

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसमें सत्ता का कोई रूप स्थाई नहीं होता। कल जो विपक्ष में था, वह आज सरकार चला सकता है और जो सरकार में है, वह कल विपक्ष की भूमिका निभा सकता है, लेकिन इस आवागमन का आधार केवल विरोध नहीं, बल्कि विकल्प होना चाहिए। एक रचनात्मक विकल्प, जो यह दिखा सके कि विपक्ष यदि आज सत्ता में होता, तो वह जनता की समस्याओं को कैसे हल करता। इसी जरूरत को दुनिया के कई परिपक्व लोकतंत्रों ने एक सुव्यवस्थित तरीके से समझा और उसे अपनाया छाया मंत्रिमंडल या शैडो केबिनेट के रूप में।

छाया मंत्रिमंडल का विचार पहली बार औपचारिक रूप से ब्रिटेन में स्थापित हुआ। वहां की संसदीय प्रणाली में, जब कोई पार्टी सत्ता में आती है, तो मुख्य विपक्षी दल अपने वरिष्ठ नेताओं को सरकारी मंत्रालयों के समकक्ष श्छाया मंत्रीश के रूप में नियुक्त करता है। जैसे सरकार का एक गृह मंत्री होता है, वैसे ही विपक्ष का 'शैडो होम सेक्रेटरी' होता है। यह छाया मंत्री न केवल संबंधित विभाग की नीतियों और फैसलों की निगरानी करता है, बल्कि लगातार यह बताता भी है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में होती, तो वह इन मुद्दों को कैसे हल करती।

ब्रिटेन में लेबर पार्टी और कंजरवेटिव पार्टी के बीच सत्ता का आना-जाना आम बात है, और छाया मंत्रिमंडल की यह प्रणाली इस लोकतांत्रिक परिपक्वता की रीढ़ बन गई है। यह केवल एक संस्थागत परंपरा नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र में जवाबदेही की एक सशक्त मिसाल है। इस परंपरा के कारण विपक्ष केवल आलोचक नहीं, बल्कि संभावित प्रशासक की भूमिका में रहता है। और यही उसे जनता के बीच एक विकल्प के रूप में स्थापित करता है। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया और जमैका जैसे देशों में भी छाया मंत्रिमंडल की परंपरा मौजूद है। इनमें से अधिकांश देशों ने ब्रिटिश संसदीय प्रणाली को आधार मानकर यह प्रणाली अपनाई है। इन देशों में जब सरकार बदलती है, तो अक्सर छाया मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्य ही नए मंत्रिमंडल में असली मंत्री बन जाते हैं। इस प्रकार छाया मंत्रिमंडल न केवल शासन की तैयारी करता है, बल्कि जनता को यह भरोसा भी देता है कि विपक्ष जिम्मेदार और तैयार है।

भारत में अब तक छाया मंत्रिमंडल का कोई औपचारिक ढांचा नहीं बन पाया है। संविधान में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही संसद में इसके लिए कोई अधिकारिक प्रक्रिया है। विपक्षी दल कभी-कभार किसी मसले पर प्रवक्ता नियुक्त करते हैं, या कुछ नेता कुछ विषयों पर ज्यादा मुखर होते हैं, लेकिन इसे संगठित और नीति-आधारित ढांचे का स्वरूप नहीं मिल पाता। यह स्थिति उस समय और विडंबनापूर्ण लगती है जब हम देखते हैं कि हमारे देश में नीतिगत विमर्श की जगह बयानबाजी, विरोध, सड़कों पर प्रदर्शन और संसद में हंगामे ने ले ली है। विपक्ष के पास न केवल यह अधिकार है कि वह सरकार की आलोचना करे, बल्कि यह जिम्मेदारी भी है कि वह जनता को यह दिखाए कि उसका दृष्टिकोण क्या है, उसका समाधान क्या है। और इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए छाया मंत्रिमंडल एक अत्यंत प्रभावी साधन हो सकता है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विपक्षी दल है। पिछले कई वर्षों से वह सत्ता से बाहर है, लेकिन इस दौरान उसने नीतिगत विपक्ष के रूप में अपनी छवि को बहुत कम ही निखारा है। उदाहरण के लिए, वर्तमान समय में प्रदेश में माध्यमिक स्कूलों की बंदी, निजी विद्यालयों की मनमानी फीस, और ग्रामीण शिक्षा की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे उभरकर सामने आए हैं। अगर समाजवादी पार्टी अपना छाया शिक्षा मंत्री नियुक्त करती, और यह बताती कि उनकी सरकार होती तो वे शिक्षा व्यवस्था को किस रूप में संचालित करते, तो जनता को एक वैकल्पिक मॉडल देखने को मिलता। ऐसे ही प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, किसान आत्महत्याएं, नगर निकायों की अराजकता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी छाया मंत्रिमंडल के माध्यम से विपक्ष अपनी नीतिगत सोच को सामने ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिसका दोस्त अमेरिका, उसे दुश्मन की क्या जरूरत



तनवीर जाफरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प शांति का नोबल पुरस्कार लेने की फिराक में तो जरूर हैं परन्तु उनके फैसले व बयानों से यही नजर आ रहा है गोया उन्होंने पूरे विश्व को अशांत व विचलित करने का ठेका ले रखा है। खासकर चूंकि वे स्वयं एक व्यवसाई पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं इसलिए उनके अनेक फैसलों व बयानों में व्यवसायिकता का भाव साफ देखने को मिलता है।

इत्तेफाक से यही डोनाल्ड ट्रम्प 2017 से 2021 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान झूठ बोलने व भ्रामक दावे करने का भी श्विश्व कीर्तिमान श बना चुके हैं। अमेरिकी प्रतिष्ठित समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। यानी उन्होंने औसतन प्रतिदिन लगभग 21 झूठे दावे किए थे। 2021 में राष्ट्रपति भवन से उनकी बिदाई कितनी हिंसक व शर्मनाक थी यह भी दुनिया ने देखा था।

बहरहाल उनकी दक्षिणपंथी सोच के चलते एक बार फिर अमेरिकी जनता ने उन्हें निर्वाचित कर लिया है परन्तु इस बार वे कुछ अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वे विश्व शांति दूत बनने की फिराक में युद्ध रत देशों के बीच युद्ध विराम करने वाले एक महान शांतिप्रिय नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करना चाह रहे हैं वहीं अपनी व्यवसायिक मानसिकता के कारण वे युद्धग्रस्त देशों को शस्त्रों की आपूर्ति करने में भी पीछे नहीं हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने इस दूसरे कार्यकाल में टैरिफ बम छोड़ कर भी अनेक देशों को



विचलित कर दिया है। खबरों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अब तक 92 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके हैं जो संभवत: 7 अगस्त 2025 से लागू होंगे। विभिन्न देशों पर अलग-अलग कारणों से टैरिफ लगाने के अतरिक्त इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों उन्होंने भारत व रूस को लेकर जो गैर जिम्मेदाराना बातें कहीं वह पूरी तरह असत्य व असभ्य थीं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली। यह कदम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य खरीद के कारण उठाया गया। ट्रंप की सोच है कि भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अमेरिका के व्यापारिक हितों के खिलाफ हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को ब्रिक्स समूह का हिस्सा होने के कारण भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार में चुनौती देता है।

इसी सन्दर्भ में ट्रंप ने भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है, लेकिन दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ले जा सकते हैं। यह बयान भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका की नाराजगी को दर्शाता है, विशेष रूप से जब अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने भले ही मृत अर्थव्यवस्था Dead economy बताने पर ट्रंप को कोई माकूल जवाब नहीं दिया परन्तु रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने जरूर ट्रंप को धमकी भरा जबरदस्त जवाब दे दिया। मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि ट्रम्प को अपनी पसंदीदा फिल्म द वॉकिंग डेड याद करनी चाहिए और यह सोचना चाहिए कि डेड हैंड कितना खतरनाक हो सकता है। दरअसल डेड हैंड शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की एक स्वचालित परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली थी, जो बड़े पैमाने पर रूसी नेतृत्व के नष्ट होने पर भी स्वचालित रूप से परमाणु हमला शुरू कर सकती है। मेदवेदेव ने ट्रम्प को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि रूस की ताकत को कम न आंकें। मेदवेदेव की यह चेतावनी ट्रंप के रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मृत करार देने तथा यूक्रेन युद्ध को 10 दिन में समाप्त करने की समय सीमा निर्धारित करने के जवाब में थी।

उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की डेड हैंड चेतावनी के जवाब में रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दे दिया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि यह कदम एहतियाती है ताकि ऐसी बयानबाजी को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह पनडुब्बियां परमाणु हथियारों से लैस हैं या केवल परमाणु ऊर्जा से संचालित हैं परन्तु ट्रंप की इस घोषणा ने पूरे विश्व को चिंतित जरूर कर दिया है। रूस की ओर से भी यह बता दिया गया है यह दोनों ही अमेरिकी पनडुब्बियां उसके निशाने पर हैं। गोया दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। सवाल यह कि राष्ट्रपति ट्रंप को किसी देश की अर्थ व्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था कहने का क्या अधिकार है? वैसे भी विश्व बैंक, आईएमएफ सहित और भी कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.7 प्रतिशत अनुमानित की है। यह जीडीपी वृद्धि दर अमेरिका की 1.9 प्रतिशत की तुलना में कहीं ज्यादा है। इन आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं बल्कि जीवंत है और साथ ही यह प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक है। सच पूछिए तो आज यूक्रेन भी जिस बुरे दौर से गुजर रहा है उसका कारण भी यूक्रेन को दिया जाने वाला अमेरिकी व नाटो समर्थन ही है। यानी यूक्रेन, अमेरिका की दोस्ती का नतीजा भुगत रहा है और अमेरिका यूक्रेन का साथ देने के बजाए इसमें भी व्यवसाय कर रहा है। इसी तरह पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के घनिष्ठ मित्र देश इस्राईल को धूल चटा डाली। हां, युद्ध के आखरी दिनों में अमेरिका ने ईरान में मामूली बंबारी कर इस्राईल को यह जरूर जता दिया कि घबराओ मत, हम तुम्हारे साथ हैं परन्तु तब तक ईरान ने तेल अवीव के बड़े हिस्से को खंडहर बना दिया था। इसी तरह याद कीजिए 1971 के वह दिन जब अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में अपना सातवां युद्ध पोत भेजने का दिलासा दिया था। वह सातवां बेड़ा तो पहुंचा नहीं परन्तु इंदिरा गांधी के सबल व कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े जरूर कर दिए। आज फिर अमेरिका उसी भारत विरोधी पाकिस्तान को हर तरह से शह देने की नीति पर चल रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि जिसका दोस्त अमेरिका हो उसे दुश्मन की जरूरत ही क्या है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिकी राष्ट्रपति का अजब-गजब अंदाज

# ट्रम्प-फोबिया

## 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे

- टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर लिया यू-टर्न
- कोर्ट 200 से ज्यादा फैसलों पर लगा चुका है रोक
- यूक्रेन और गाजा को लेकर भी अनिश्चितता बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सत्ता में आए 194 दिन ही हुए हैं, लेकिन उनका यह कार्यकाल उथल-पुथल और यू-टर्न से भरा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा अस्थिरता टैरिफ नीतियों में दिखी है। अब तक ट्रम्प टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर यू-टर्न ले चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने अब तक रिकॉर्ड 178 एग्जीक्यूटिव आर्डर साइन किए हैं, यानी हर एक दिन लगभग एक नया आदेश दिया है।

इनमें से 34 फैसले ऐसे हैं जो खुद ट्रम्प ने पलटे हैं। उदाहरण के तौर पर, रिसर्च फंडिंग पर रोक के आदेश को महज 3 दिन में ही पलटा गया। गैस और ऊर्जा क्षेत्र में दी गई राहतों को वापस लेने के फैसले पर भी दो हफ्ते बाद यू-टर्न ले लिया। अवैध प्रवासियों पर क्रैकडाउन से लेकर, टैरिफ और एलजीबीटीक्यू के अधिकारों तक, ट्रम्प ने अपने आदेशों से कई बार यू-टर्न लिया है। ट्रम्प के यू-टर्न के चलते सबसे ज्यादा भ्रम इंडस्ट्री वर्ल्ड में है। ट्रम्प ने



### गाजा में 24 घंटे में युद्ध खत्म करने का किया था वादा

**डोनाल्ड** ट्रम्प ने गाजा युद्ध को 24 घंटे में खत्म करने को वादा किया था पर राष्ट्रपति बनने के 6 माह बाद भी रोक नहीं पाए। चार फरवरी को गाजा के नागरिकों के पुनर्वास की बात कही। 21 फरवरी को कहा, मैंने ऐसा नहीं कहा। 12 मार्च को फिर पलटे। डिपोर्टेशन-22 जनवरी को अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन का आदेश दिया।

राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद सोमवार देर रात कई एग्जीक्यूटिव आर्डर पर दस्तखत किए थे। इन फैसलों की तेजी और विरोधाभास का नतीजा यह है कि अदालतों में ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ केस की बाढ़ आ गई है। अमेरिका की संघीय अदालतों पर अचानक फैसला-पलटने और कानूनी विरोध का दबाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नाम पर जो फैसले लिए, उन पर यू-टर्न लेकर प्रशासन को उलझन और जनता को भ्रम की स्थिति में डाल दिया है। ट्रम्प के बिना सोचे-समझे लिए फैसलों पर कोर्ट भी सख्त है। कोर्ट अब तक ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं में 200 से ज्यादा मामलों पर स्टे लगा चुका है। इनमें से अधिकांश केस में संघीय अदालतों ने हस्तक्षेप कर नीतियों को असंवैधानिक या जल्दबाजी में लिया गया पाया। उदाहरण के तौर पर बर्थ-राइट सिटिजनशिप को समाप्त करने की कोशिश पर कई फेडरल जजों ने तत्काल रोक लगा दी।

## इजरायली मंत्री ने अल-अक्सा में की प्रार्थना

**तेल अवीव।** इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने रविवार को यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद के कैंपस में जाकर प्रार्थना की। एक यहूदी संगठन ने इसका वीडियो जारी किया, जिसमें ग्विर कुछ लोगों के साथ मस्जिद कैंपस में घूमते और प्रार्थना करते नजर आए। मक्का और मदीना के बाद अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद है। नियमों के मुताबिक, यहूदी लोग यहां जा सकते हैं, लेकिन प्रार्थना नहीं कर सकते।

सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ता देख इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये नियम नहीं बदले हैं और न ही बदलेंगे। बेन-ग्विर का यह दौरा 'तिशा बाव' के दिन हुआ, इस दिन यहूदी लोग प्राचीन मंदिरों के तबाही की याद में उपवास करते हैं। बेन-ग्विर ने कहा कि उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल की जीत और बंधकों की रिहाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने गाजा पर पूरी तरह कब्जा करने की मांग भी दोहराई। इस परिसर की देखभाल करने वाली संस्था ने बताया कि

> ■ अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद, यहां यहूदियों के प्रार्थना करने पर रोक, बेन-ग्विर इजरायल के सबसे विवादित नेता

बेन-ग्विर सहित 1250 लोग वहां गए और कुछ ने प्रार्थना की, नारे लगाए और डांस किया। वहीं, फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रुदैन ने इस दौरे की निंदा की और इसे 'सारी हदें पार करने वाला' बताया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से दखल देने और गाजा युद्ध रोकने की मांग की। अल-अक्सा मस्जिद येरुसलम में स्थित है। जार्डन की एक धार्मिक संस्था इस मस्जिद कैंपस को संभालती है। 1967 में इजरायल जंग के बाद जार्डन और इजरायल के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें तय हुआ था कि अल-अक्सा मस्जिद के भीतर के मामलों पर जार्डन के इस्लामिक वक्फ ट्रस्ट का कंट्रोल रहेगा।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच सतर्कता बरतते सुरक्षाकर्मी।

## सिडनी में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन में असांजे शामिल हुए: रिपोर्ट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कार्यकर्ता और विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे रविवार को सिडनी में फलस्तीनी के समर्थन में आयोजित एक व्यापक प्रदर्शन में शामिल हुए। समाचार पत्र द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार सिडनी के लॉर्ड मेयर क्लोवर मूर और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी क्रेग फोस्टर सहित हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी लोगों के समर्थन में सिडनी हार्बर ब्रिज पर शांतिपूर्वत तरीके से इस प्रदर्शन का आयोजन किया। मेलबर्न में 25000 लोगों के इस फलस्तीनी समर्थक रैली में शामिल होने की रिपोर्टें हैं। गौरतलब है कि पिछले माह के अंत में, ऑस्ट्रेलिया सहित 15 देशों के विदेश मंत्रियों ने फ्रांस और सऊदी अरब की सह-अध्यक्षता में आयोजित एक सम्मेलन के बाद फलस्तीनी को औपचारिक रूप से मान्यता देने का आह्वान किया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 25 जुलाई को, घोषणा की थी कि फ्रांस सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीनी को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान करेगा।

# गाजा में भुखमरी व नरसंहार को लेकर विरोध प्रदर्शन

## प्रदर्शन के दौरान महिलाएं मुंह पर टेप लगाकर हाथों में तख्तियां लेकर समुद्र के किनारे खड़ी थी

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन में महिलाओं ने मदर्स4गाजा के बैनर तले मौन विरोध प्रदर्शन किया और गाजा में भुखमरी तथा नरसंहार की निदा की। प्रदर्शन के दौरान महिलाए मुंह पर टेप लगाकर समुद्र के किनारे खड़ी थीं और उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर सामूहिक रूप से 'नरसंहार रोको' लिखा था।

कुछ महिलाओं के हाथों में दुर्बल बच्चों और वयस्कों की तस्वीरें थीं जो कथित तौर पर भोजन और मानवीय सहायता पर इज़रायली नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य गाजा में चल रहे मानवीय संकट की ओर ध्यान आकर्षित करना और फलस्तीनी माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता व्यक्त करना था। मदर्स4गाज़ा की सदस्य आइ. रीन नाइट ने कहा कि वे फलस्तीनी में माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता दिखाना चाहती हैं। फलस्तीनी में बहुत तबाही हुई है। बमबारी और भुखमरी हुई है-ये सब इज़रायली शासन के कारण



हुआ है' उन्होंने कहा 'लेकिन दुनिया में इसे रोकने की कोई जल्दी नहीं दिखती और हम इसका विरोध करने यहां आए हैं।' उन्होंने पश्चिमी देशों की सरकारों से इज़रायल को धन और हथियार देना बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो सरकारें और संस्थाएं चुप रही हैं और इसमें शामिल रही हैं, उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए। इस नरसंहार को रोकना होगा। इज़राइल को फलस्तीनी का विनाश करने से रोका जाना चाहिए।

## गाजा में भुखमरी व हिंसा की दोहरी मार

**गाजा पट्टी।** गाजा में मानवीय संकट अब और भयावह हो गया है। इजरायली फायरिंग में कम से कम 18 फलीस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें आठ लोग केवल भोजन लेने के लिए मदद केंद्र पर पहुंचे थे। यह गोलीबारी उस समय हुई जब लोग गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास खाद्य सहायता पाने के लिए जुटे थे। वितरण केंद्र के वितरण स्थल के पास सहायता मांगने आए याहिया यूसुफ ने बताया कि उन्होंने तीन लोगों को गोली लगने के बाद बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि यह अब रोज की कहानी बन गई है।

हर दिन यहां खून और लाशें दिखती हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति आबेद सलाह ने कहा कि वे सैनिकों के पास भी नहीं गए थे, फिर भी उन पर फायरिंग हुई। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि उनके साइट के पास ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इजरायल की सेना का भी दावा है कि उन्होंने केवल

> ■ भूख मिटाने गए लोगों पर इजरायल सेना ने बरसाई गोलियां 18 नागरिकों की मौत

चेतावनी स्वरूप फायरिंग की। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 27 मई से 31 जुलाई तक गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन केंद्रों के पास 859 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य खाद्य काफिलों के रास्तों में जान गंवा चुके हैं। वहीं, इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 10 अन्य लोगों की मौत हुई, जिनमें एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल थे। यह हमला देइर अल-बलाह और जवादिया के बीच एक घर पर हुआ, जिसमें दो माता-पिता और उनके तीन बच्चे मारे गए। इसके साथ ही खान यूनिस के पास एक टेंट पर हमला कर मां-बेटी को भी मौत के घाट उतार दिया गया। गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए कई देश अब हवाई ड्राप का सहारा ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको के ओक्सााका में भूकंप के झटके

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी है। केन्द्र ने बताया कि ओक्साका में अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 17:58: बजे पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र 17.54 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.96 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर था।

### चीन: इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**नानिंग।** दक्षिण चीन के गुआंग्शी झुआंग क्षेत्र के वुझोउ शहर में रविवार सुबह एक आवासीय इमारत में आग लगने से पाँच लोगों की मौत हो गई। जिला आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि शहर के लोंगक्सू जिले में एक पांच मंजिला इमारत के भूतल पर सुबह लगभग 8:30 बजे आग लग गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

### रूस ने यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने चार घंटे से भी कम समय में कई क्षेत्रों में यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कल देर रात यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रूस समयानुसार रात आठ बजे से 11:25 बजे के बीच इन ड्रोनों को मार गिराया गया।

### पाक में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद।** पाक के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आतंकियों के हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकी मारे गए तथा चार पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2:30 बजे प्रांत के बन्नू जिले में हुई, जहां आतंकियों ने अचानक पुलिस चौकी पर मध्यम और भारी हथियारों से गोलीबारी कर दी।

## खालिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट की अमेरिका में मौत

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसाई और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है।

उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे, और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी खालिस्तानी तत्वों की कड़ी आलोचना करते थे और 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम (जनमत संग्रह) का खुलकर विरोध कर रहे थे। सुखी 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम का विरोध कर रहे थे। जिसे लेकर उन्हें धमकियां मिल रही थी। 'द खालसा टुडे' के संस्थापक और सीईओ सुखी को खालिस्तानी समर्थकों से लगातार धमकियां मिल रही थीं।

# पाक ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का किया समर्थन

## दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु क्षमता विकसित करने के ईरान के अधिकार का समर्थन करता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजे. शिकयन इस्लामाबाद पहुंचे। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि ईरान को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल का अधिकार है। यही मुद्दा हाल ही में ईरान और इस्रा.



इल के बीच बढ़ते तनाव की जड़ बना हुआ है। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा हासिल करने के ईरान के अधिकार के साथ खड़ा है। शरीफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दे रखा है और वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आपत्ति जता रहा है। जून महीने में इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के कुछ अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अपना सहयोग रोक दिया था। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ ने ईरान के खिलाफ इस्रा. इली हमलों की निंदा की और कहा

### ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है: शहबाज शरीफ

कि ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। उन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों की भी आलोचना की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से मुस्लिम देशों से अपील की कि वे वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर ध्यान दें। शरीफ ने बताया कि दोनों देशों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और ईरान का लक्ष्य सालाना 10 अरब अमेरिकी डालर का व्यापार करना है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर भी बात. चीत की और सीमा पर उग्रवाद से निपटने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

## तेल अवीव में विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिवारों ने किया विरोध प्रदर्शन

**यरूशलम।** इजरायल के तेल अवीव में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी 'होस्टेज स्क्वायर' पर एकत्रित हुए और इज़रायली सरकार से एक युद्धविराम समझौता करने का आग्रह किया जिससे गाजा में हमास और अन्य उग्रवादी समूहों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। यह प्रदर्शन इस सप्ताह की शुरुआत में हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा नए वीडियो जारी किए जाने के बाद हुआ, जिसमें इज़राइली बंधक एव्यातार डेविड और रोम ब्रास्लावस्की की हालत बेहद नाजुक दिखाई दे रही है।

## गाजा में अपनी कब्र खोद रहा इजरायली बंधक

**गाजा।** गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर हमास ने कहा है कि वह आजाद फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनने तक हथियार नहीं छोड़ेगा। हमास का 2007 से गाजा पर नियंत्रण है। हमास ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकाफ की बातों का जवाब दे रहे हैं।

विटकाफ ने कहा था कि हमास हथियार डालने के लिए तैयार है। इस बीच, इजरायल पर दबाव बढ़ाने के लिए हमास ने 24 साल के इजरायली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया। इसमें डेविड काफी कमजा. र और एक गड्डा खोदता हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में डेविड बताते हैं कि मैं अपनी कब्र के लिए गड्डा खोद रहा हूं। शुक्रवार को भी



> ■ अमेरिका के हथियार डालने के दावे पर हमास बोला: आजाद फिलिस्तीनी देश बनने तक लड़ेंगे

डेविड का वीडियो जारी किया गया था। डेविड के परिवार ने हमास पर क्रूर प्रचार और बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया। साथ ही इजरायल और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC..
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट